RAJHIN/2016/70516
Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 85 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, सोमवार, 21 सितंबर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

## 30 लाख इनामी नक्सली कमांडर की मुठभेड़ में मौत



**वाराणसी, आरएनएन।** वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र में रविवार तडक़े यूपी एटीएस और प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) के कमांडर बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस के मुताबिक, गोली लगने के बाद बृजेश को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उस पर कुल 30 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### पुलिस टीम पर फायरिंग के बाद हुई जवाबी कार्रवाई

पुलिस मुख्यालय के अनुसार, एटीएस को बृजेश के वाराणसी में मौजूद होने की सूचना मिली थी। बताया गया कि वह एक साथी के साथ बाइक से टेंगरा मोड़ की ओर से रामनगर होते हुए मुगलसराय जा रहा था। सूचना के आधार पर एटीएस और स्थानीय पुलिस ने उसकी घेराबंदी की। टीम ने बाइक रोककर बृजेश को पकड़ने का प्रयास किया। आरोप है कि उसने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद हुई जवाबी कार्रवाई में बृजेश को गोली लगी। मुठभेड़ के दौरान एटीएस के डिप्टी एसपी विपिन राय और हेड कांस्टेबल नितेंद्र कृष्ण की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी गोलियां लगीं। दोनों पुलिसकर्मी सुरक्षित बताए गए हैं। झारखंड के चतरा जिले का रहने वाला बृजेश गंझू टीपीसी का कमांडर था।

चार साल से कम उम्र वाले बच्चों को देना होगा वर्जित

## कफ सिरप की बोतलों पर छपेगी 'लाल रंग' में चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में बच्चों की सेहत और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार एक अहम कदम उठाने जा रही है। इसके तहत जल्द ही कफ सिरप की बोतलों पर लाल रंग में यह स्पष्ट चेतावनी लिखी होगी कि यह दवा 4 साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जानी चाहिए। केंद्रीय दवा नियामक ने इसके लिए लेबलिंग नियमों में बदलाव का प्रस्ताव तैयार किया है। बता दें कि दवा नियामक के प्रस्ताव के मुताबिक, कफ सिरप की हर बोतल पर 65 फीसदी हिस्से में लाल रंग से यह चेतावनी साफ-साफ शब्दों में लिखी जाएगी कि इस दवा का इस्तेमाल 4 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए न किया जाए। इसके अलावा, यह भी प्रस्ताव है कि सिरप के लेबल पर स्कूल जाने की उम्र के बच्चों की एक तस्वीर भी लगाई जाए, ताकि माता-पिता आसानी से समझ सकें। इस बदलाव को लागू करने के लिए

- लेबल पर स्कूल जाने वाले बच्चों की तस्वीर का प्रस्ताव




सरकार को ड्रग्स रूल्स, 1945 के नियम 96 में संशोधन करना होगा। फिलहाल इस प्रस्ताव को ड्रग्स कंसल्टेटिव कमेटी के सामने विचार के लिए रखा गया है। गौरतलब है कि छोटे बच्चों को सर्दी-खांसी की दवाएं दिए जाने और उसके बाद सामने आने वाली शिकायतों को देखते हुए सरकार ने यह फैसला लिया है।

अक्टूबर 2025 में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (सीएमएचओ) की तरफ से सख्त निर्देश जारी किए गए थे कि 2 साल से कम उम्र के बच्चों को सर्दी-खांसी की दवाएं न लिखी जाएं।

## पुल से उड़ी,हवा में पलटी और कंस्ट्रक्शन साइट पर जा गिरी

- मुंबई में बीएमडब्ल्यू कार फ्लाईओवर से नीचे गिरी

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के कोस्टल रोड पर रविवार सुबह करीब 5.20 बजे तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू फ्लाईओवर से करीब 75 फीट नीचे जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल है। चारों



की उम्र 17 से 23 के बीच थी। बीएमडब्ल्यू मरीन ड्राइव से हाजी अली की ओर जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, तेज रफ्तार के कारण ड्राइवर ने कार पर से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद बीएमडब्ल्यू डिवाइडर से टकराई और नीचे गिर गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मृतकों की पहचान शनाय गज्जल, आदित्य जकसानिया (19) और धैर्य सेठ (17) के रूप में हुई है।

## 2030 तक भारत बना लेगा 'हाई स्पीड' बुलेट ट्रेन

- 350 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी इस ट्रेन की रफ्तार

### जापान की ई-10 सीरीज ट्रेनों को देगी यह टक्कर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत 2030 तक 350 किमी/घंटा (बी 35) की डिजाइन स्पीड वाली स्वदेशी हाई-स्पीड या बुलेट ट्रेन बनाएगा। ये ट्रेनें जापान की अगली पीढ़ी की ई 10 सीरीज की ट्रेनों जैसी होंगी, जिनका प्रोडक्शन भी उसी साल शुरू होना है।

यह प्रस्ताव मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट की बदली हुई लागत को मंजूरी देने के लिए था। रेलवे मंत्रालय के कैबिनेट ने प्रोजेक्ट की बदली हुई लागत को मंजूरी दे दी है और ये लागत 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है।




### शुरुआत में चलेंगी बी 28 ट्रेनें

भविष्य में आने वाली जापानी ट्रेनों को छोड़कर, प्रोजेक्ट की मौजूदा लागत लगभग 399 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर बैठती है। शुरुआत में मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर पर बी28 ट्रेनें चलेंगी जिनकी डिजाइन स्पीड 280 केएमपीएच होगी, जबकि उनकी ज्यादा से ज्यादा ऑपरेटिंग स्पीड 249 केएमपीएच होगी। बीएमईएल को 32 बी 28 ट्रेनें बनाने का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। उम्मीद है कि 2027 की पहली तिमाही तक ट्रायल रन के लिए दो प्रोटोटाइप ट्रेनें तैयार हो जाएंगी।

- **भारत खुद डेवलप करेगा अपना सिस्टम**– मंत्रालय ने कहा है कि देश में बनी बी28 हाई-स्पीड ट्रेनों का मैन्युफैक्चरिंग शुरू कर दी गई है और भारत अपना खुद का भारत ट्रेन कंट्रोल सिस्टम भी विकसित करेगा। यह कदम चीन के अपने सिग्नलिंग और ट्रेन कंट्रोल सिस्टम जैसा ही है, जो पारंपरिक और हाई-स्पीड रेल नेटवर्क पर स्पीड, ट्रेनों के बीच की दूरी और सुरक्षा को मैनेज करता है। मंत्रालय के अनुसार, प्रोजेक्ट की लागत में पहले के 1.1 लाख करोड़ रुपये से जो भारी बढ़ोतरी हुई है, उसकी मुख्य वजहें– जमीन अधिग्रहण की लागत का तीन गुना से ज्यादा बढ़कर लगभग 19,700 करोड़ रुपये हो जाना।

## सीपीएम दफ्तरों में तोड़फोड़, पूर्व एमएलए के घर पर भी हमला

- कोलकाता के जादवपुर में हिंसा अज्ञात बाइक सवारों ने किया खेला

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के जादवपुर इलाके में रविवार को भारी हिंसा और तोड़फोड़ की खबर सामने आई है। मोटरबाइक पर सवार अज्ञात उपद्रवियों के एक झुंड ने सीपीएम के कई पार्टी दफ्तरों को निशाना बनाया और पूर्व




तृणमूल कांग्रेस विधायक देबब्रत मजूमदार के घर व पार्टी ऑफिस पर भी हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, कोलकाता नगर निगम के 6 अलग-अलग वार्डों वार्ड संख्या 96, 99, 101, 102, 105 और 106 में सीपीएम के दफ्तरों में तोड़फोड़ की गई है। उपद्रवियों ने सीपीएम के पार्टी झंडों को नोंचकर जमीन पर फेंक दिया और कई जगहों पर शहीदों की वेदी को भी नुकसान पहुंचाया। इतना ही नहीं सबसे ज्यादा तनाव वार्ड नंबर 96 में देखने को मिला।

## 30 लाख इनामी नक्सली कमांडर की मुठभेड़ में मौत



**वाराणसी, आरएनएन।** वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र में रविवार तडक़े यूपी एटीएस और प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) के कमांडर बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस के मुताबिक, गोली लगने के बाद बृजेश को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उस पर कुल 30 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### पुलिस टीम पर फायरिंग के बाद हुई जवाबी कार्रवाई

पुलिस मुख्यालय के अनुसार, एटीएस को बृजेश के वाराणसी में मौजूद होने की सूचना मिली थी। बताया गया कि वह एक साथी के साथ बाइक से टेंगरा मोड़ की ओर से रामनगर होते हुए मुगलसराय जा रहा था। सूचना के आधार पर एटीएस और स्थानीय पुलिस ने उसकी घेराबंदी की। टीम ने बाइक रोककर बृजेश को पकड़ने का प्रयास किया। आरोप है कि उसने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद हुई जवाबी कार्रवाई में बृजेश को गोली लगी। मुठभेड़ के दौरान एटीएस के डिप्टी एसपी विपिन राय और हेड कांस्टेबल नितेंद्र कृष्ण की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी गोलियां लगीं। दोनों पुलिसकर्मी सुरक्षित बताए गए हैं। झारखंड के चतरा जिले का रहने वाला बृजेश गंझू टीपीसी का कमांडर था।

▶ एमएमए में सुचिका का भी पदक पक्का

## एशियन गेम्स में बेटियों ने रजत पदक से खोला भारत का खाता

### शूटिंग में मिले 2 सिल्वर मैडल, क्रिकेट-हॉकी में भी रही धूम

● नई दिल्ली

20वें एशियन गेम्स में भारत ने पहले दिन दो रजत पदकों के साथ अपना खाता खोला। दोनों पदक शूटिंग में आए। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में इलावेनिल वलारिवन, सोनम उत्तम मस्कर और विदार्सा के. विनोद ने 1898.0 अंक के साथ रजत पदक जीता। चीन ने स्वर्ण और जापान ने कांस्य पदक हासिल किया।

व्यक्तिगत 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भी इलावेनिल वलारिवन ने रजत पदक जीता। उन्होंने 252.4 अंक हासिल किए और स्वर्ण से 0.6 अंक पीछे रहीं। जापान की हिनाता ताइची ने 253.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 114 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 195 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 49 गेंदों पर नौ छक्कों और तीन चौकों की मदद से नाबाद 100 रन की पारी खेली। जवाब में बांग्लादेश की टीम 15.4 ओवर में 81 रन पर ऑलआउट हो गई। नंदिनी शर्मा और दीप्ति शर्मा ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि श्री चरणी को दो विकेट मिले। फाइनल में भारत का सामना 22 सितंबर को श्रीलंका से होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान को 19-0 से हराकर अभियान की शानदार शुरुआत की। पुरुष टीम ने भी इंडोनेशिया को 13-1 से शिकस्त दी। दिलप्रीत सिंह ने चार गोल किए, जबकि सुखजीत सिंह ने दो गोल दागे।




### सुचिका एमएमए के सेमीफाइनल में

**महिलाओं** के 60 किग्रा ट्रेडिशनल वर्ग में सुचिका तरियाल ने मंगोलिया की बैगलमा को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके साथ ही भारत का एक और पदक पक्का हो गया। वहीं, पुरुष एमएमए में वरुण सान्याल को गंभीर डिहाइड्रेशन के कारण अयोग्य घोषित किया गया।






### पीएम मोदी ने दी बधाई

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली सोनम उत्तम मस्कर, इलावेनिल वलारिवन और विदार्सा के. विनोद को बधाई दी। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी संदेश में टीम की मेहनत और टीमवर्क की सराहना की गई।

## मध्यप्रदेश में सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा चीता प्रोजेक्ट

### मुख्यमंत्री ने गांधी सागर में मादा चीता को छोड़ा, नाम रखा राधा, गांधी सागर अभयारण्य में अब हुए चार चीतें

● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नीमच-मंदसौर जिले के गांधी सागर वन्य अभयारण्य में मादा चीता राधा को छोड़ा। मुख्यमंत्री द्वारा राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में मादा चीता का नामकरण राधा किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ चीता प्रोजेक्ट सफलता के नए मानदंड स्थापित कर रहा है।

वहीं, मप्र में विलुप्त हो चुके वन जीवों को पुर्नस्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। पिछले वर्ष छोड़े गए चीते पूरी तरह स्वस्थ है। गांधी सागर अभयारण्य में एक और चीते का छोड़ जाना मध्यप्रदेश में प्रोजेक्ट चीता के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मादा चीता राधा के गांधी सागर पहुंचने के बाद यहां चीतों की संख्या बढक़र चार हो गई है। अभयारण्य में पहले से दो नर चीते प्रभास और पावक व एक मादा चीता धीरा मौजूद हैं। अब गांधी सागर में दो नर और दो मादा चीते हो गए हैं।




### गांधी सागर में चीता संरक्षण का दायरा और बढ़ाया

गांधी सागर अभयारण्य में चीता संरक्षण का दायरा और बढ़ाया गया है, मादा चीता राधा को गांधी सागर में बसाया जाना मप्र में प्रोजेक्ट चीता को कूनो से आगे विस्तार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। गांधी सागर को चीतों के लिए दूसरे प्रमुख आवास के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां चीतों के स्वास्थ्य, व्यवहार और नए वातावरण में उनके अनुकूलन की लगातार निगरानी वन विभाग की टीम द्वारा की जाएगी। नई मादा चीता के आने से गांधी सागर में चीतों के संरक्षण और भविष्य में चीता प्रजनन की संभावनाओं को और भी तेजी से बढ़ाने का प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश का चीता प्रोजेक्ट एशिया का पहला प्रोजेक्ट है। एशिया से चीते गायब हो गए थे। राज्य सरकार ने संकल्प लिया और चीतों के पुनर्वास का अभियान शुरू किया। प्रदेश में चीतों की संख्या अब लगातार बढ़ती जा रही है। जहां सैकड़ों साल पहले चीतें विलुप्त हो गए थे, वहीं अब वे स्थानीय वातावरण में खेलते-कूदते दिखाई दे रहे हैं।

### जोधपुर में एजीटीएफ-जोधपुर कमिश्नरेट की बड़ी कार्रवाई

# लॉरेंस-आरजू बिश्नोई गैंग के दो शार्प शूटर गिरफ्तार, पंजाब पुलिस ने घोषित कर रखा था 5-5 लाख रुपये का इनाम...

**फाजिल्का और अबोहर में मर्डर के बाद नेपाल भागे थे बदमाश; मध्य प्रदेश होते हुए जोधपुर में बड़ी रंगदारी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में दबोचे**

### एडीजी दिनेश एमएन के निर्देशन में एजीटीएफ और जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस ने संयुक्त रूप से दबोचा

स्मार्ट हलचल

**जयपुर ।** राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने जोधपुर में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए लॉरेंस-आरजू बिश्नोई गैंग के दो कुख्यात और इनामी शार्प शूटरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए बदमाशों पर पंजाब पुलिस की ओर से 5-5 लाख रुपये का भारी-भरकम इनाम घोषित था। यह दोनों बदमाश जोधपुर शहर में किसी बड़ी सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने के इरादे से आए थे।

यह पूरी कार्रवाई अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस, एजीटीएफ और एएनटीएफ श्री दिनेश एम.एन. के कुशल निर्देशन तथा जोधपुर कमिश्नर श्री अंशुमन भोमिया, उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में की गई। वहीं फील्ड में इस ऑपरेशन का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक श्री रविंद्र प्रताप, पुलिस निरीक्षक श्री सुनील जांगिड़ एवं श्री राम सिंह ने किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जसकरण सिंह उर्फ करण उर्फ सन्नी उर्फ कट्टा (23) निवासी हरसिंह रायनगर, फाजिल्का (पंजाब) और



राजिन्दर उर्फ बिल्ला (23) निवासी बलुआना थाना सदर अबोहर, फाजिल्का (पंजाब) के रूप में की गई।

**पंजाब में सनसनीखेज वारदातों के बाद राजस्थान में बढ़ाई गई निगरानी**

लॉरेंस बिश्नोई और आरजू बिश्नोई गैंग से जुड़े बदमाशों द्वारा राजस्थान के व्यापारियों को धमकी दिए जाने के मामलों को देखते हुए एजीटीएफ की टीमों ने गैंग के शूटरों और राजस्थान से लगे हरियाणा-पंजाब क्षेत्र के ऐसे बदमाशों पर विशेष निगरानी शुरू की थी, जो राजस्थान में वारदात कर वापस फरार हो जाते हैं।

**अबोहर के कपड़ा व्यापारी की हत्या समेत कई मामलों में वांछित**

गिरफ्तार जसकरण सिंह उर्फ करण और राजिंदर सिंह उर्फ बिल्ला लॉरेंस-आरजू बिश्नोई गैंग के शार्प शूटर हैं। पंजाब पुलिस को लंबे समय से दोनों की तलाश थी। दोनों अबोहर में कपड़ा व्यापारी संजय वर्मा की हत्या तथा फाजिल्का में एक अन्य व्यक्ति साहिल सेन की रंजिशवश हत्या सहित कई मामलों में वांछित बताए गए हैं। इन्हीं मामलों के चलते पंजाब पुलिस ने दोनों पर 5-5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

**नेपाल से जोधपुर तकः पकड़े जाने की पूरी पटकथा**

राजस्थान में व्यापारियों को फिरौती के लिए धमकी देने और अपहरण जैसी वारदातों को देखते हुए एजीटीएफ की टीमों ने ऐसे मामलों में सक्रिय गिरोहों तथा पूर्व में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे बदमाशों पर निगरानी और शिकंजा कसना शुरू किया। इसी दौरान जसकरण सिंह उर्फ करण और राजिंदर सिंह उर्फ बिल्ला के लॉरेंस-आरजू बिश्नोई गैंग से जुड़े होने तथा राजस्थान में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की संभावना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एजीटीएफ के संज्ञान में आईं। पंजाब पुलिस के अलावा हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश पुलिस को भी दोनों बदमाशों की तलाश थी। करीब डेढ़ वर्ष पहले फाजिल्का और अबोहर में हत्या की वारदातों के बाद दोनों के नेपाल भाग जाने के इनपुट सामने आए थे। इसके बाद एजीटीएफ ने दोनों की गतिविधियों और संभावित आवागमन को लेकर लगातार आसूचना संकलित कर उनकी गतिविधियों और संभावित वापसी पर लगातार नजर बनाए रखी।

**मध्य प्रदेश के रास्ते राजस्थान में प्रवेश; बड़ी योजना विफल**

नेपाल में बढ़ते दबाव के बाद दोनों भारत लौटे और मध्य प्रदेश के रास्ते राजस्थान में प्रवेश की तैयारी में थे। कार्रवाई से करीब तीन दिन पहले दोनों के सिरोही में होने तथा वहां से जोधपुर की ओर बढ़ने का इनपुट एजीटीएफ को मिला। इसके बाद एजीटीएफ ने दोनों की संभावित गतिविधियों और मूवमेंट पर निगरानी और तेज कर दी। जोधपुर में किसी बड़े व्यापारी को निशाना बनाकर उसे धमकाने और करोड़ों रुपये की फिरौती मांगने की आशंका के बीच एजीटीएफ की टीम लगातार सक्रिय रही। इसी निगरानी के दौरान दोनों आरोपियों के जोधपुर पहुंचने की पुष्टि होने पर एजीटीएफ ने जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस के सहयोग से कार्रवाई की और दोनों शूटरों को दबोच लिया।

**एक दर्जन गंभीर मामलों में वांटेड है दोनों बदमाश**

दोनों आरोपियों के उपलब्ध आपराधिक रिकॉर्ड को मिलाकर कुल 12 प्रकरण सामने आते हैं। राजिंदर सिंह उर्फ बिल्ला के विरुद्ध 8 तथा जसकरन सिंह उर्फ करन के विरुद्ध 4 मामले पंजाब में दर्ज है। राजिंदर सिंह उर्फ बिल्ला के विरुद्ध वर्ष 2023 से 2025 के बीच अबोहर, फाजिल्का व संगरूर में दर्ज 8 मामलों में हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट, धमकी, चोरी/संपत्ति संबंधी अपराध, सामूहिक हिंसा तथा आर्म्स एक्ट के प्रकरण शामिल हैं। वहीं जसकरन सिंह उर्फ करन कट्टा के विरुद्ध फाजिल्का व अबोहर में दर्ज 4 मामलों में हत्या, मारपीट व हथियार से चोट पहुंचाने, बलवा/सामूहिक हिंसा, आपराधिक धमकी, लूट तथा आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज हैं।

**फर्जी नाम से होटल में रुके थे बदमाश**

एजीटीएफ की टीम नेपाल से ही लगातार उनके पीछे थी। टीम के पुख्ता इनपुट पर जोधपुर कमिश्नर पुलिस किसी सहायता से दोनों टीम ने कैलाश नगर स्थित 'होटल सनसिटी इन' के कमरा नंबर 204 में छापा मारा।

कमरे में ठहरे दोनों युवकों ने शुरुआत में पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से अपनी फर्जी पहचान नवीन जाखड़ और आशू चाबड़ा बताई। हालांकि, एजीटीएफ और एयरपोर्ट थाना पुलिस द्वारा की गई कड़ाई व सघन पूछताछ के सामने उनकी चालाकी काम न आ सकी और उन्होंने स्वीकार किया कि वे पंजाब के वांटेड अपराधी हैं।

**अवैध हथियार और मादक पदार्थ बरामद**

जसकरण सिंह के बैग से 58 ग्राम तथा राजिन्दर के बैग से 25 ग्राम (कुल 83 ग्राम) अफीम का दूध बरामद किया गया। राजिन्दर के बैग से एक चालू हालत की अवैध रिवॉल्वर मिली।

**साथ ही जसकरण के कब्जे से 43,000 तथा राजिन्दर से 45,100 (कुल 88,100) नकद और दोनों के पास से कूटरचित/फर्जी आधार कार्ड, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य संदिग्ध दस्तावेज जब्त किए गए।**

एजीटीएफ की टीम की रही अहम भूमिका

कार्रवाई में एजीटीएफ के एएसआई श्री राकेश की विशेष भूमिका रही। आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस निरीक्षक श्री रामसिंह, हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार 2107, कांस्टेबल रविन्द्र सिंह 526, सुमेर सिंह 571, राकेश 592, राकेश कुमार 492 तथा कांस्टेबल चालक दिनेश चंद 625 की भूमिका रही। कार्रवाई में थानाधिकारी एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व श्री भरत सिंह रावत मय टीम का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। फिलहाल दोनों आरोपियों से पूछताछ कर उनके जोधपुर आने के उद्देश्य, संभावित वारदात और गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों एवं संपर्कों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

## 23 सितंबर को भैरूजी के नाम सजेगी भक्ति की रात

### यश विहार में गूंजेंगे भजनों के सुर, सोनू सिसोदिया और प्रेम शंकर जाट जमाएंगे रंग

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** शहर में 23 सितंबर को भैरूजी की भक्ति का रंग जमने वाला है। नवकार मित्र मंडल की ओर से कोटा रोड स्थित यश विहार, अहिंसा सर्किल पर 'एक शाम श्री टोंडगढ़ कला गोरा भैरूजी के नाम' विशाल भजन संध्या आयोजित होगी। शाम 7.15 बजे से प्रभु इच्छा तक चलने वाली भक्ति संध्या में राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक सोनू सिसोदिया (पाली) और प्रेम शंकर जाट (भीलवाड़ा) भैरूजी के भजनों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेंगे। श्री काल भैरव मुख्य उपासक विद्यासागर पंडियार, श्री नाकोड़ा उपासक कपिल पंडियार व श्री देवनारायण उपासक रतनलाल सेन के सानिध्य में होने वाले आयोजन में भजनों के साथ धार्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। आयोजकों ने धर्मप्रेमी बंधुओं से सपरिवार पहुंचकर भक्ति संध्या में शामिल होने का आह्वान किया है।

## 42 टीमों के 450 से ज्यादा खिलाड़ी उतरेंगे मैदान में, चार दिन चलेगी जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता

### 70वीं जिला स्तरीय अंडर-17 व अंडर-19 नेटबॉल प्रतियोगिता का आगाज, खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन का आह्वान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** खेल मैदान पर खिलाड़ियों के जोश और उत्साह के बीच रविवार को पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापू नगर में 70वीं जिला स्तरीय अंडर-17 एवं अंडर-19 छात्र-छात्रा नेटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में जिलेभर की 42 टीमों के 450 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार गग्गड़ रहे। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कैलाश चन्द्र सुथार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विभागीय प्रतिनिधि भैरूलाल जाट, तकनीकी सलाहकार रघुवीर सिंह कुमावत व पूनम जीनगर भी मंचासीन रहे। आयोजन की अध्यक्षता एवं आयोजन सचिव की जिम्मेदारी विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने संभाली।

**चार दिन मैदान पर दिखेगा खिलाड़ियों का दम**

आयोजन सचिव सुनीता नानकानी ने बताया कि चार दिवसीय प्रतियोगिता में अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के छात्र-छात्राएं



अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले विद्यालय के दोनों खेल मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बाहर से पहुंचे खिलाड़ियों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था विद्यालय छात्रावास, स्थानीय विद्यालय तथा राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय बापू नगर में की गई है।

**गग्गड़ बोले- खेल भावना से करें प्रदर्शन**

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार गग्गड़ ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि भीलवाड़ा जिला नेटबॉल के क्षेत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करता रहा है। खिलाड़ियों को इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पूरी मेहनत और अनुशासन के साथ मैदान में उतरना चाहिए। उन्होंने





खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना और ईमानदारी के साथ खेलने तथा अपने विद्यालय और जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी के खेल प्रकोष्ठ के रोशन देवपुरा सहित स्थानीय विद्यालय की एसडीएमसी सदस्य एवं भामाशाह सुमित्रा वैष्णव, हंसा पारीक, लव कुमार जोशी और सुनीता स्वर्णकार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनीता जोशी एवं राधेश्याम रेगर ने किया।

### हर अभ्यर्थी के परिश्रम, उम्मीद और सपने का सम्मान—हमारी जिम्मेदारी

# एसआई पुनः परीक्षा-2021 में निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुरक्षित परीक्षा व्यवस्था के लिए राजस्थान पुलिस ने निभाई पूरी सजगता से प्रतिबद्धता

### एसओजी ने तीन को किया गिरफ्तार

### पंजीकृत 2,18,114 अभ्यर्थियों में से प्रथम पारी में 1,51,776 तथा द्वितीय पारी में 150559 ने दी परीक्षा

### टोंक में सर्वाधिक अभ्यर्थी हुए उपस्थित

स्मार्ट हलचल







**जयपुर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) द्वारा आयोजित सब इंस्पेक्टर संयुक्त प्रतियोगी पुनः परीक्षा-2021 आज प्रदेश के निर्धारित 666 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता और गोपनीयता बनाए रखने के साथ-साथ प्रत्येक अभ्यर्थी के परिश्रम और सपने का सम्मान सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान पुलिस ने परीक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में लेकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की। एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) वीके सिंह ने बताया कि राजस्थान पुलिस द्वारा परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। 11 जिलों में निर्धारित 666 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास, यातायात प्रबंधन तथा परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं हो, इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन के स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई।

**पेपर की गोपनीयता और परीक्षा की शुचिता पर विशेष जोर**

पुनः आयोजित की जा रही इस परीक्षा में पेपर की गोपनीयता बनाए रखने, अनुचित साधनों पर प्रभावी रोक लगाने तथा परीक्षा की शुचिता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान पुलिस ने पूरी सजगता के साथ कार्य किया है। परीक्षा केंद्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। राजस्थान पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि हर अभ्यर्थी के वर्षों के परिश्रम, उसकी उम्मीद और उसके भविष्य के सपने का सम्मान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी कर्तव्यनिष्ठा से जुटी।

**डीजीपी का संदेश—वर्दी केवल गौरव नहीं, जिम्मेदारी भी**

महानिदेशक पुलिस राजस्थान श्री राजीव कुमार शर्मा ने परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को परीक्षा की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं देते हुए कहा था कि पुलिस की वर्दी केवल गौरव का प्रतीक नहीं, बल्कि कर्तव्य, अनुशासन, ईमानदारी, जिम्मेदारी और आमजन की सुरक्षा के संकल्प की पहचान है।

उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि उनका लक्ष्य केवल एक पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि ऐसा पुलिस कार्मिक बनना होना चाहिए, जिस पर आमजन संकट की घड़ी में भरोसा कर सके।

राजस्थान पुलिस प्रत्येक अभ्यर्थी के परिश्रम और सपने का सम्मान करते हुए एसआई पुनः परीक्षा-2021 में निष्पक्ष, पारदर्शी, सुरक्षित एवं व्यवस्थित परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरी कर्तव्यनिष्ठा से प्रतिबद्ध है।

**एसओजी की पुख्ता निगरानी से संदिग्धों पर शिकंजा, 3 गिरफ्तार**

एसओजी की ओर से भी एसआई पुनः परीक्षा-2021 की शुचिता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष सतर्कता एवं पुख्ता व्यवस्थाएं की गईं। एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि संदिग्ध फोटो, समान नाम अथवा डबल फॉर्म जैसी विसंगतियों वाले 50 अभ्यर्थियों को चिन्हित कर उनका सत्यापन कराया जा रहा है। परीक्षा के दौरान एसओजी के वांछित अपराधियों पर भी विशेष निगरानी रखी गई। परीक्षा देने पहुंचे तीन वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं पेपर लीक की किसी भी संभावना को समाप्त करने के उद्देश्य से एसओजी द्वारा करीब 1,200 संदिग्ध व्यक्तियों एवं आरपीएससी से डिबार अभ्यर्थियों को संबंधित थानों पर बुलाकर पूछताछ की गई।

**प्रथम पारी में 69.58 प्रतिशत उपस्थिति**

आरपीएससी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रथम पारी में प्रदेश के 11 जिलों में कुल 2,18,114 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1,51,774 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, जबकि 66,340 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पारी में कुल 69.58 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। प्रथम पारी में टोंक में सर्वाधिक 77.73 प्रतिशत उपस्थिति रही। हनुमानगढ़ में 74.35, श्रीगंगानगर में 73.42, भरतपुर में 73.39, अलवर में 72.31, जोधपुर में 71.85, कोटा में 71.44, बीकानेर में 69.69, अजमेर में 67.43, जयपुर में 66.90 तथा उदयपुर में 66.46 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

**द्वितीय पारी में 69.03 प्रतिशत उपस्थिति**

द्वितीय पारी में भी प्रदेश के 11 जिलों में कुल पंजीकृत 2,18,114 अभ्यर्थियों में से 1,50,559 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, जबकि 67,555 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पारी में कुल 69.03 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

द्वितीय पारी में टोंक में सर्वाधिक 76.96 प्रतिशत उपस्थिति रही। हनुमानगढ़ में 73.83, भरतपुर में 72.83, जोधपुर में 71.29, कोटा में 70.90, श्रीगंगानगर में 73.06, अलवर में 71.61, बीकानेर में 69.12, अजमेर में 66.96, जयपुर में 66.29 तथा उदयपुर में 66.06 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

## पार्टी विरोधी गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिरण बर्खास्त

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा (भीलवाड़ा)** गंगापुर-भीलवाड़ा जिले के गंगापुर नगरपालिका अध्यक्ष चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी में एक बहुत बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। भीलवाड़ा शहर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष रेखा हिरण को पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ बिना संगठन की अनुमति के निर्दलीय नामांकन दाखिल करना भारी पड़ गया है। इसे अनुशासनहीनता और संगठन के निर्देशों की अवहेलना मानते हुए, प्रदेश महिला कांग्रेस ने त्वरित और कड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने रेखा हिरण को भीलवाड़ा शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। यह निलंबन आदेश 19 सितंबर 2026 से प्रभावी हो गया है, जिसने चुनाव से ऐन पहले स्थानीय राजनीतिक गलियारों में भारी हलचल पैदा कर दी है।

## भीलवाड़ा में लादू लाल सेन नियुक्त हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन के जिला उपाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल



**गुरला / भीलवाड़ा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन (रजि.) द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए भीलवाड़ा जिले में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के जिला अध्यक्ष रतन लाल आचार्य ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बालू सिंह ओझा आदेशानुसार एक आधिकारिक कार्यालय आदेश जारी कर श्री लादू लाल सेन को जिला उपाध्यक्ष (भीलवाड़ा) के पद पर नियुक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुर निवासी और श्री बिलासी राम सेन के पुत्र श्री लादू लाल सेन को संगठन के विधान एवं संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों के आधार पर इस महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया गया है।

**संविधान और नियमों के पालन के निर्देश**

जिला अध्यक्ष द्वारा जारी आदेश में नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि वे देश के संविधान और संगठन के नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करें। साथ ही, संगठन के हित में निरंतर कार्य करते हुए समाज सेवा में अपना योगदान दें इस नियुक्ति की प्रतिलिपि राष्ट्रीय अध्यक्ष, जिला कलेक्टर (भीलवाड़ा), जिला पुलिस अधीक्षक (भीलवाड़ा), संबंधित पदाधिकारी और कार्यालय पत्रावली को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी गई है।

## जलझूलनी एकादशी पर निकलेगी चारभुजा नाथ बड़ा मंदिर भीलवाड़ा तक पैदल यात्रा

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा** शहर में तीसरी बार जलझूलनी एकादशी पर 22 सितंबर को चारभुजा नाथ बड़ा मंदिर पुराना शहर भीलवाड़ा तक प्रतीकात्मक तीन किमी पदयात्रा निकली जाएगी। चारभुजा नाथ गड़बोर राजसमंद एवं कोटडी श्याम जो पदयात्री पैदल नहीं जा सकते हैं वे 3 किलोमीटर यात्रा में पैदल चलकर अपने इष्ट देव के मंदिर तक सम्मिलित हो सकते हैं। पदयात्रा सुभाष नगर श्रीराम मंदिर से प्रातः 8 बजे शुरू होगी। जो आरके कॉलोनी होते हुए नेहरू उद्यान, गणेश मंदिर, बस स्टैंड, रामस्नेही चिकित्सालय, सांगानेरी गेट, धान मंडी होते हुए सुबह 9.30 बजे चारभुजा नाथ बड़े मंदिर पुराना शहर भीलवाड़ा पहुंचेगी। जगह-जगह पुष्प वर्षा होगी। पद यात्रियों को अल्पाहार दिया जाएगा। पदयात्रा में आगे बैंड-बाजे, मंदसोरी ढोल, बड़े झंडे लिए साथ चलेंगे, पुरुष सफेद वस्त्र एवं महिलाएं चुन्दड पहनकर पदयात्रा में शामिल होंगी। बड़ा मंदिर पहुंच सभी पदयात्री मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाएंगे। चारभुजा नाथ के केसरिया भोग लगाएंगे। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी उपस्थित रहेंगे। ट्रस्ट मीडिया प्रभारी महावीर समदानी में बताया कि श्रीराम सेवा संस्थान के अध्यक्ष कैलाश गगरानी व मंत्री राजेश सोमानी ने श्री राम मंदिर में मीटिंग कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा जी मंदिर ट्रस्ट द्वारा पदयात्रीयो का स्वागत किया जाएगा महा आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा

## निशुल्क नेत्र रोग शिविर में 76 को नेत्र परामर्श



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के तत्वाधान चार दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में विभिन्न गांव से आए 76 रोगियों को नेत्र परामर्श दिया गया शिविर स्व. डॉ कमलनयन एवं सोहन बाई जागेटीया की स्मृति में आयोजित किया गया मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि डॉ कृष्णा हेडा नेत्र विशेषज्ञ डीएनबी द्वारा सभी नेत्र रोगियों को अपना घर वृद्धाश्रम आर सी व्यास कॉलोनी भीलवाड़ा में परामर्श दिया उसके अगले दिन रोगियों के नेत्र मोतियाबिंद ऑपरेशन किये जाएंगे शिविर में रोगियों को आवास ,भोजन, दवाइयां, काला चश्मा निशुल्क दिये गये इस अवसर पर समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी,सुभाष अग्रवाल, रामनारायण शांता सोमानी गणपत जागेटीया ,छीतर मल लद्ड़ा गणपत ,सुशील, अरुण जागेटिया,लादू लाल माली, घनश्याम डाड ने सेवाएं दी

# नलों में सीवरेज, सड़कों पर जानलेवा गड्ढे!

## सड़ी-गली पाइपलाइन के सहारे शहर की प्यास बुझा रहा जलदाय महकमा; वार्ड 35 में पीला-बदबूदार पानी, पुराने भीलवाड़े में भी हाहाकार–एक साल से 'अमृत-2' का आश्वासन, जनता बोली- अब पूरी पाइपलाइन बदलो...

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** शहर में पेयजल व्यवस्था को लेकर हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। वार्ड 35 में घरों तक पहुंच रहे पानी के पीले और बदबूदार होने तथा उसमें सीवरेज की मिलावट की शिकायतों ने जलदाय विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुराने भीलवाड़े के कई हिस्सों में भी लोग ऐसी ही समस्या से परेशान होने की बात कह रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जलदाय विभाग वर्षों पुरानी और जर्जर पाइपलाइनों के भरोसे शहर की पेयजल व्यवस्था चला रहा है। पाइपलाइन में लीकेज और सीवरेज के संपर्क में आने की आशंका के बीच लोगों को यह डर सता रहा है कि घरों में पहुंच रहा पानी कहीं बीमारी का कारण न बन जाए।



**'अमृत-2 आएगी'... एक साल से यही जवाब!**

सबसे बड़ा सवाल अधिकारियों के आश्वासन पर है। लोगों का कहना है कि पिछले करीब एक साल से शिकायत लेकर अधिकारियों के पास जाने पर जवाब मिलता है–'अमृत-2 योजना में समस्या का स्थायी समाधान कर दिया जाएगा।'

**लेकिन जनता अब पूछ रही है–आखिर कब तक?**

एक साल से समस्या बनी हुई है तो तत्काल राहत के इंतजाम क्यों नहीं किए गए? दूषित पानी की शिकायत सामने आने के बाद प्रभावित इलाकों की पाइपलाइन की तकनीकी जांच और पानी के नमूनों की नियमित जांच क्यों नहीं हो रही?

**पैबंद नहीं, पूरी पाइपलाइन बदलने की मांग**

लोगों का कहना है कि पुरानी पाइपलाइनें जगह-जगह जर्जर हो चुकी हैं। ऐसे में बार-बार लीकेज ठीक करने या टूटे हिस्सों पर मरम्मत का काम करने से समस्या स्थायी रूप से खत्म नहीं होगी। जनता की मांग है कि जर्जर पाइपलाइन को चिन्हित कर आवश्यक क्षेत्रों में पूरी पाइपलाइन बदली जाए। पेयजल लाइन को सीवरेज से पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए क्रॉस-कनेक्शन और लीकेज की व्यापक जांच कराई जाए तथा जहां पाइपलाइन अपनी उम्र पूरी कर चुकी है, वहां नई पाइपलाइन बिछाई जाए।

**पाइपलाइन खोदी, गड्ढे छोड़े–सड़क भी बनी आफत**

जलदाय विभाग की पाइपलाइन संबंधी खुदाई के बाद सड़कों पर छोड़े गए गड्ढे भी लोगों के लिए परेशानी और हादसे का कारण बन रहे हैं, ऐसी शिकायतें स्थानीय स्तर पर सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि पाइपलाइन का काम जरूरी है, लेकिन काम पूरा होने के बाद सड़क को सुरक्षित तरीके से बहाल करना भी विभाग की जिम्मेदारी है। एक तरफ नल में गंदा पानी और दूसरी तरफ सड़क पर गड्ढे–शहरवासी आखिर जाएं तो जाएं कहां?

**दो साल भाजपा बोर्ड, तीसरी बार की तैयारी... जनता पूछ रही हिसाब**

भीलवाड़ा नगर निगम में लगातार दो साल से भाजपा का बोर्ड है और तीसरी बार बोर्ड बनने की राजनीतिक कवायद के बीच पानी और शहर की बुनियादी सुविधाओं का मुद्दा सियासी सवाल बनता जा रहा है। जनता का सवाल सीधा है–अगर शहर के लोगों को साफ और सुरक्षित पेयजल तक नहीं मिल पा रहा तो विकास के दावों का पैमाना क्या है?

चुनावी राजनीति में बोर्ड बनाने और बचाने की कवायद तेज है, लेकिन वार्डों में लोगों की रोजमर्रा की परेशानी अब राजनीतिक दलों के सामने बड़ा सवाल खड़ा कर रही है।

जनता का आक्रोश–'आश्वासन नहीं, नल में साफ पानी चाहिए'

स्थानीय लोगों में जबरदस्त नाराजगी है। लोगों का कहना है कि शिकायतें सुनना और आश्वासन देना आसान है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान करना जरूरी है।

जनता अब अमृत-2 के नाम पर और इंतजार करने को तैयार नहीं दिख रही। मांग है कि:

दूषित पानी की तत्काल जांच हो।

जर्जर पाइपलाइन चिन्हित की जाए।

जरूरत वाले इलाकों में पूरी पाइपलाइन बदली जाए।

सीवरेज-पेयजल क्रॉस कनेक्शन की जांच हो।

पाइपलाइन कार्य के बाद सड़कें तत्काल दुरुस्त हों।

खुले गड्ढों को सुरक्षित कर हादसों पर रोक लगाई जाए।

अब सवाल सिर्फ पानी का नहीं, जवाबदेही का है।

जनता पूछ रही है–अमृत-2 का इंतजार कब खत्म होगा और नलों में साफ पानी कब आएगा?

# सुनीति जैसी मां और ध्रुव जैसा पुत्र हो तो परमात्मा की प्राप्ति संभव: संत मस्तरामजी

***रामनिवास धाम में भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण विवेचन, 21 सितंबर को मनाया जाएगा कृष्ण जन्मोत्सव...***

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि जीवन को संस्कार, भक्ति और सही दिशा देने वाली ज्ञानधारा है। कथा के तीसरे दिन रामनिवास धाम की बारादरी में संत मस्तरामजी महाराज ने ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण विवेचन करते हुए कहा कि संसार में मां ही अपनी संतान को सबसे पहले शिक्षा और संस्कार देने वाली गुरु होती है। यदि सुनीति जैसी मां और ध्रुव जैसा पुत्र हो तो भक्ति के मार्ग पर चलकर परमात्मा की प्राप्ति संभव है। संत मस्तरामजी महाराज ने ध्रुव चरित्र के प्रसंग के माध्यम से कहा कि बाल्यावस्था से ही मिलने वाले संस्कार व्यक्ति के जीवन की दिशा तय करते हैं। मां अपने व्यवहार, वाणी और संस्कारों से संतान के व्यक्तित्व का निर्माण कर सकती है। ध्रुव को उनकी माता सुनीति ने सत्य, धर्म और परमात्मा की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। यही संस्कार आगे चलकर ध्रुव की अटूट भक्ति और तपस्या का आधार बने। उन्होंने कहा कि ध्रुव ने तपस्या पर जाने से पहले अपनी मां की आज्ञा ली। मां की अनुमति और आशीर्वाद लेकर शुरू की गई उनकी साधना सफल हुई। इससे यह संदेश मिलता है कि बालक जब किसी



शुभ कार्य को शुरू करने से पहले माता-पिता की आज्ञा और आशीर्वाद प्राप्त करता है तो उसके भीतर आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। संत मस्तरामजी महाराज ने कहा कि आज के समय में बच्चों को केवल किताबी शिक्षा देना पर्याप्त नहीं है। उन्हें परिवार, समाज और संत परंपरा से जुड़े संस्कार देना भी उतना ही आवश्यक है। माता-पिता बच्चों के प्रथम शिक्षक हैं और उनके आचरण का प्रभाव बच्चों के जीवन पर गहराई से पड़ता है। संस्कारित परिवार ही संस्कारित समाज की नींव तैयार करता है। कथा के दौरान ध्रुव की तपस्या और परमात्मा की प्राप्ति के प्रसंग का भी विस्तार से वर्णन किया गया। श्रद्धालुओं ने कथा का भावपूर्वक श्रवण किया।

**21 सितंबर को कृष्ण जन्मोत्सव**

रामनिवास धाम के कार्यवाहक भंडारी संत नवनिधरामजी महाराज ने बताया कि कथा आयोजन के क्रम में 21 सितंबर को अपराह्न काल में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का कथा के माध्यम से भावपूर्ण वर्णन होगा। उन्होंने शाहपुरा सहित आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं और रामस्नेही सत्संगीजनों से कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आध्यात्मिक लाभ लेने का आह्वान किया। रामस्नेही संप्रदाय की मर्यादाओं के अनुरूप आयोजित हो रही इस कथा में भक्ति के साथ संस्कार, सदाचार और जीवन मूल्यों पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# भीलवाड़ा के राकेश देसाई बने राष्ट्रीय वंचित लोकमंच के राष्ट्रीय महासचिव

**राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सर्वटे ने जारी किया मनोनयन पत्र, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर**

**वंचित, श्रमिक व जरूरतमंद वर्गों की आवाज को देशभर में करेंगे बुलंद; 19 सितंबर से एक वर्ष के लिए मिली महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी, समाजसेवा और नेतृत्व क्षमता पर जताया भरोसा**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राष्ट्रीय वंचित लोकमंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन विष्णुदेव सर्वटे ने भीलवाड़ा निवासी प्रमुख समाजसेवी राकेश देसाई को संगठन का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। संगठन द्वारा जारी आधिकारिक मनोनयन पत्र के अनुसार श्री देसाई का यह कार्यकाल 19 सितंबर 2026 से प्रभावी होकर एक वर्ष अथवा आगामी आदेश तक रहेगा। देसाई के राष्ट्रीय स्तर पर मनोनयन से भीलवाड़ा सहित प्रदेशभर के सामाजिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

**समर्पण और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए मिली जिम्मेदारी**

श्री राकेश देसाई लंबे समय से सामाजिक सरोकारों, वंचित व पिछड़े वर्गों के कल्याण, शिक्षा और शोषितों के हक-अधिकारों की रक्षा के लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय रहे हैं। संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व ने उनके निरंतर सामाजिक योगदान, उच्च नैतिक मूल्यों, संगठन कौशल एवं वंचित तबके के उत्थान के प्रति उनकी अटूट



प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व सौंपा है।

**शिक्षा, न्याय और समानता को आगे बढ़ाने का जताया विश्वास**

मनोनयन के अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन विष्णुदेव सर्वटे ने विश्वास व्यक्त किया कि राकेश देसाई संगठन के आधारभूत सिद्धांतों को सशक्त रूप से आगे बढ़ाएंगे। वे देशभर में वंचित वर्गों के समग्र विकास, शिक्षा के विस्तार, सामाजिक न्याय, समानता और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने में प्रभावी व ऐतिहासिक भूमिका निभाएंगे।

**नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव राकेश देसाई के प्रमुख संकल्प:**

देशभर में वंचित, श्रमिक, किसान एवं अंतिम छोर पर खड़े जरूरतमंद परिवारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना।

वंचित तबके के बालक-बालिकाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं युवाओं के लिए रोजगारपरक अवसरों की पैरवी।

सामाजिक समरसता, समानता और न्याय आधारित व्यवस्था के निर्माण हेतु संगठन के नेटवर्क का विस्तार करना।

**पूरी निष्ठा से करूंगा दायित्व का निर्वहन: राकेश देसाई**

नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव राकेश देसाई ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन विष्णुदेव सर्वटे एवं संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो अटूट भरोसा जताया है, वे उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे। वे अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ करते हुए देशभर में वंचितों व मजलूमों की बुलंद आवाज बनेंगे। उनके मनोनयन पर राष्ट्रीय वंचित लोकमंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

# छह साल से फरार एनडीपीएस एक्ट का वांछित आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

**जवाजा पुलिस ने धानेरा से मांगीलाल को किया दस्तयाब, 2951 किलो डोडा पोस्त बरामदगी के मामले में था फरार**

स्मार्ट हलचल अनिल खींची

**ब्यावर।** जवाजा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में करीब छह साल से फरार चल रहे वांछित आरोपी को गुजरात के धानेरा से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनियां एवं पुलिस उप अधीक्षक ब्यावर नरेन्द्र पारीक के सुपरविजन में गठित विशेष टीम ने आसूचना संकलन के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 15 जुलाई 2020 को नाकाबंदी के दौरान ट्रक नंबर आरजे 19 जीजी 1817 की तलाशी में 151 प्लास्टिक कट्टों में भरा 2951 किलो 100 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया था। मामले में थाना जवाजा में प्रकरण संख्या 210/2020 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। अनुसंधान के दौरान जब्त ट्रक के आरसी ऑनर मांगीलाल पुत्र गोपीलाल उर्फ गोपाललाल, उम्र 33 वर्ष, निवासी धनाणियों की ढाणी खारा, थाना फलौदी, जिला फलौदी के विरुद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 25 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध प्रमाणित पाया गया। आरोपी के फरार होने पर न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी कराया गया था। पुलिस टीम ने लगातार आरोपी की तलाश करते हुए आसूचना जुटाई और 20 सितम्बर को धानेरा, गुजरात से आरोपी मांगीलाल को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में जवाजा थानाधिकारी डॉ. नवल किशोर, हेड कांस्टेबल विरेन्द्र मुण्डेल, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल तोगेश कुमार एवं कांस्टेबल अशोक कुमार शामिल रहे। टीम के सदस्यों का आरोपी की गिरफ्तारी में विशेष योगदान रहा।

# मीणा समाज विकास संस्थान की बैठक सम्पन्न

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** मीणा समाज विकास संस्थान की बैठक अंबा माता परिसर निंबाहेड़ा में देवीलाल मीणा की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष राकेश कुमार मीणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में निंबाहेड़ा ब्लॉक के सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई साथ ही समाज के अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने पर विचार विमर्श हुआ। आगामी बैठक के गंगरार में आयोजन को लेकर चर्चा हुई।

# 22 सितंबर को शाहपुरा में सजेगा आस्था का शाही दरबार

## जलझूलनी एकादशी पर निकलेगी ठाकुरजी के बेवाणों की भव्य शोभायात्राउज्जैन का प्रसिद्ध गणेश बैंड, बालिकाओं का अखाड़ा और जीवंत झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र; पिवणियां तालाब पर होगा ठाकुरजी का जलविहार...

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** भक्ति, आस्था और शाहपुरा की समृद्ध धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा संगम एक बार फिर देखने को मिलेगा। 22 सितंबर को जलझूलनी एकादशी महोत्सव के अवसर पर शाहपुरा नगर में ठाकुरजी के बेवाणों की भव्य सामूहिक शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्रीचारभुजानाथ भक्त मंडल के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन को इस बार विशेष आकर्षणों और धार्मिक प्रस्तुतियों के साथ शाही स्वरूप दिया जा रहा है। शोभायात्रा में नगर के विभिन्न मंदिरों से ठाकुरजी सजे-धजे बेवाणों में विराजित होकर शामिल होंगे और पिवणियां तालाब पर जलविहार करेंगे। जलझूलनी एकादशी शाहपुरा की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा प्रमुख पर्व है। भगवान के विग्रह को बेवाण में विराजित कर जलविहार कराने की परंपरा सदियों से चली आ रही लोक आस्था का हिस्सा है। इस अवसर पर पूरा नगर एक साथ धार्मिक उल्लास में शामिल होता है। इस बार आयोजन को भव्य बनाने के लिए




चारभुजानाथ भक्त मंडल,और श्रद्धालुओं की ओर से विशेष तैयारियां की जा रही हैं। जलझूलनी एकादशी को लेकर शाहपुरा नगर में उत्सव का माहौल बनने लगा है। प्रमुख मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी से सजाया जा रहा है। शोभायात्रा मार्ग पर भी आकर्षक सजावट की जा रही है। नगर पालिका प्रशासन की ओर से मार्ग की साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है आयोजन समिति ने इस बार धार्मिक झांकियों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को भी विशेष महत्व दिया है। त्रिमूर्ति चौराहे पर पहली बार जीवंत झांकियों का विशेष प्रदर्शन होगा। इसके लिए करीब 12 गुणा 15 फीट का मंच तैयार किया जा रहा है। यहां वराह अवतार और सौमुखी कालिका की जीवंत झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

**महलों के चौक में जुटेंगे ठाकुरजी के बेवाण**

जलझूलनी एकादशी के दिन मंगलवार को नगर के विभिन्न मंदिरों से ठाकुरजी के सजे-धजे बेवाण दोपहर तक महलों के चौक में एकत्र होंगे। यहां से अपराह्न 3 बजे शाही लवाजमे के साथ सामूहिक शोभायात्रा रवाना होगी। शोभायात्रा में धार्मिक आस्था के साथ लोक संस्कृति और पारंपरिक वाद्ययंत्रों का भी अनूठा संगम देखने को मिलेगा। के प्रसिद्ध बैंड-बाजे, ढोल, शंखध्वनि, नगाड़े और शहनाई की स्वर लहरियां पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाएंगी। इसके साथ ही उज्जैन का प्रसिद्ध गणेश बैंड अपनी विशेष प्रस्तुतियां देगा, जो शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण रहेगा। बैंड की प्रस्तुतियों के दौरान श्रद्धालु और युवा उत्साह से झूमते नजर आएंगे। इस बार शोभायात्रा में बालिकाओं का अखाड़ा प्रदर्शन भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। बालिकाएं अखाड़ा कला और पारंपरिक कौशल का प्रदर्शन करेंगी।आयोजन में बालिकाओं की इस प्रस्तुति के माध्यम से संस्कृति, परंपरा और नारी शक्ति का सुंदर समन्वय देखने को मिलेगा। आयोजन में कान तारा, वराह अवतार, हाइड्रोलिक गणेश भगवान और श्मशान रथ भूत यात्रा सहित विभिन्न आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। इसके अलावा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगी। डमरू नृत्य और सामूहिक आरती भी शोभायात्रा को विशेष धार्मिक रंग प्रदान करेंगे। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं की ओर से ठाकुरजी के बेवाणों पर पुष्पवर्षा की जाएगी। इलेक्ट्रिक फव्वारों के माध्यम से इत्र का छिड़काव किए जाने की भी व्यवस्था की गई है। इससे शोभायात्रा मार्ग पर भक्ति के साथ उत्सवी वातावरण और अधिक आकर्षक बनेगा। त्रिमूर्ति चौराहे पर जीवंत झांकियों के प्रदर्शन के दौरान श्रद्धालुओं को धार्मिक कथाओं और प्रसंगों का सजीव स्वरूप देखने को मिलेगा। आयोजन समिति का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रम धार्मिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**पिवणियां तालाब पर होगा ठाकुरजी का जलविहार**

भव्य शोभायात्रा महलों के चौक से रवाना होकर सदर बाजार और त्रिमूर्ति चौराहा होते हुए पिवणियां तालाब पहुंचेगी। यहां सरोवर के तट पर पुजारियों द्वारा विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के अनुसार ठाकुरजी के बेवाणों का जलविहार कराया जाएगा। जलझूलनी एकादशी का यह सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक क्षण होगा। ठाकुरजी के जलविहार के दर्शन के लिए नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जलविहार के बाद सामूहिक महाआरती का आयोजन होगा। इस दौरान श्रद्धालु दीप प्रज्वलित कर भगवान की आरती में सहभागी बनेंगे। महाआरती के दौरान पूरा सरोवर क्षेत्र जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठेगा।

**बगरू टापू से होगी भव्य आतिशबाजी**

महाआरती के दौरान पिवणियां तालाब के मध्य स्थित प्राकृतिक टापू बगरू से नगर पालिका और चारभुजानाथ भक्त मंडल के सहयोग से भव्य आतिशबाजी की जाएगी। रंग-बिरंगी आतिशबाजी से सरोवर का आकाश जगमगा उठेगा। जल में प्रतिबिंबित होती रोशनी और किनारों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब इस धार्मिक आयोजन को यादगार दृश्य में बदल देगा। **इसके बाद ठाकुरजी के बेवाण अपने-अपने मंदिरों की ओर वापस प्रस्थान करेंगे।**

धर्म के साथ संस्कृति और सामाजिक समरसता का संदेश

जलझूलनी एकादशी का यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है। यह शाहपुरा की सांस्कृतिक एकता, सामाजिक सहभागिता और धार्मिक परंपराओं का उत्सव भी है। आयोजन की तैयारियों में समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी दिखाई दे रही है। मंदिरों की सजावट में युवा बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। महिलाएं भजन और आरती की तैयारियों में जुटी हैं। वहीं आयोजन को व्यवस्थित और भव्य बनाने में विभिन्न संगठनों एवं श्रद्धालुओं की सहभागिता बनी हुई है। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर जब ठाकुरजी के बेवाण शाही लवाजमे के साथ शाहपुरा की सड़कों से गुजरेंगे, तब शंखनाद, ढोल-नगाड़ों की थाप, उज्जैन के प्रसिद्ध गणेश बैंड की प्रस्तुतियां, बालिकाओं का अखाड़ा प्रदर्शन, जीवंत धार्मिक झांकियां और श्रद्धालुओं की पुष्पवर्षा पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देगी। 22 सितंबर को शाहपुरा में धर्म, लोक परंपरा और सांस्कृतिक वैभव का ऐसा संगम देखने को मिलेगा, जिसमें ठाकुरजी का जलविहार आस्था का केंद्र होगा और पूरा नगर इस धार्मिक महोत्सव का सहभागी बनेगा।

चलती बाइक पर निजी शिक्षक पर लोहे के पाइप से हमला-कोचिंग से पढ़ाकर घर लौट रहे निजी शिक्षक पर चलती बाइक में लोहे के पाइप से हमला

# तीन अज्ञात युवकों पर पीछा कर हमला करने का गंभीर आरोप पीठ पर आई चोट, उनियारा थाने में दी लिखित रिपोर्ट...

स्मार्ट हलचल






**टोंक/उनियारा।** उनियारा कस्बे के वार्ड नंबर 18 निवासी निजी शिक्षक दीपक कुमार योगी ने पुलिस थाना उनियारा में लिखित रिपोर्ट देकर तीन अज्ञात युवकों पर चलती मोटरसाइकिल का पीछा कर लोहे के पाइप से हमला करने का गंभीर आरोप लगाया है। परिवादी दीपक कुमार योगी पुत्र राधेश्याम योगी की रिपोर्ट के अनुसार, 19 सितंबर 2026 को वह और उसका भाई अरविंद कुमार योगी अलीगढ़ स्थित युवान कोचिंग इंस्टीट्यूट में पढ़ाने के बाद मोटरसाइकिल से अपने घर उनियारा लौट रहे थे। शाम करीब 6:30 बजे दिनेश पाटोदी की मील के सामने पहुंचने के दौरान पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति उनका पीछा करते हुए आए। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति के हाथ में लोहे का पाइप था, जिससे उसने चलती बाइक से अरविंद कुमार योगी की पीठ पर वार किया। हमले में अरविंद की पीठ पर चोट लगने की बात रिपोर्ट में कही गई है। परिवादी का आरोप है कि हमलावर पाइप से सिर पर वार करना चाहते थे, लेकिन मोटरसाइकिल के आगे-पीछे होने के कारण पाइप पीठ पर लगा। वार करने के बाद तीनों युवक मोटरसाइकिल से उनियारा की ओर फरार हो गए।

**लूट की नीयत से हमला होने की आशंका**

परिवादी ने प्रथम दृष्टया घटना को लूट की नीयत से किया गया हमला होने की आशंका जताई है। साथ ही उनियारा थाना पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की पहचान, घटना की जांच तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**पुलिस जांच के बाद सामने आएगी पूरी सच्चाई**

मामले में उनियारा थाना पुलिस द्वारा शिकायत में लगाए गए आरोपों का सत्यापन, घटनास्थल एवं परिस्थितियों की जांच तथा आरोपियों की पहचान की कार्रवाई की जानी है। हमले के आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। गौरतलब हैं कि इन दिनों उनियारा सर्किल क्षेत्र में आएदिन बढ़ रहे अपराधों सहित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगने से अपराधियों के हौसले दिनोंदिन बुलंद होते जा रहे हैं।

## जवाजा में नमो सेतु शिविर, 3 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति

### 42 को दूसरी और 50 लाभार्थियों को तीसरी किश्त के एफटीओ जारी

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** विकसित भारत-जन सेवा अभियान-2026 के तहत पंचायत समिति जवाजा में आयोजित नमो सेतु शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाजा के सभा भवन में आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायत नाईकला के तीन लाभार्थियों की आवास स्वीकृति जारी की गई। वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आवासों के तहत 42 लाभार्थियों की द्वितीय किश्त तथा 50 लाभार्थियों की तृतीय किश्त के एफटीओ जारी कर वितरित किए गए। व्यक्तिगत शौचालयों के लिए 20 स्वीकृतियां जारी की गईं। राजस्व विभाग द्वारा 37 फार्मर रजिस्ट्री, तीन शुद्धिकरण तथा 33 जाति एवं मूल निवास संबंधी कार्य किए गए। वहीं सार्वजनिक निर्माण विभाग की 12 सड़कों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। शिविर में प्रभारी एवं विकास अधिकारी सुधीर कुमार पाठक, तहसीलदार ब्यावर भगवती प्रसाद वैष्णव, तहसीलदार टॉडगढ़ मोहर सिंह, अतिरिक्त विकास अधिकारी उम्मेद कुमार औलानिया सहित सभी 22 विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।



## चेक अनादरण पर 6 लाख अर्थदण्ड व एक वर्ष कारावास

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 2 चित्तौड़गढ़ की पीठासीन अधिकारी अंकिता चंदावत, आरजेएस ने अभियुक्त को 6 लाख अर्थदण्ड व एक वर्ष साधारण कारावास सहित अदम अदायगी 03 माह साधारण कारावास से दंडित किया। प्रकरणानुसार प्रताप नगर निवासी हरजिंदर सिंह पिता हिम्मतसिंह सिक्ख ने अधिवक्ता ललित कुमार शर्मा के मार्फत न्यायालय में एक परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि अभियुक्त मोहम्मद फैजान मंसूरी प्रो. हिन्द इंजीनियरिंग वर्क्स, चामटीखेड़ा रोड, चित्तौड़गढ़ से अच्छी जान पहचान होने व उसके निजी खर्च व अन्य वैध कार्यों में रुपयों की आवश्यकता होने पर परिवादी ने अभियुक्त को 5 लाख रुपये उधार दिये जिसके पुनर्भुगतान पेटे दिया गया चेक निर्धारित समय पर बैंक में प्रस्तुत करने पर अपर्याप्त राशि के चलते बैंक द्वारा अनादरित कर दिया गया। नोटिस के बावजूद भुगतान अदा नहीं किया गया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात् परिवादी के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 की धारा 138 के अधीन दण्डनीय अपराध के आरोप में दोषसिद्धि पर अभियुक्त को 6 लाख अर्थदण्ड एवं एक वर्ष साधारण कारावास सहित अदम अदायगी 03 माह साधारण कारावास से दण्डित किया गया।

## झूठ को मिल जाए ताली, सत्य फिर भी नहीं हारता

### 'सत्य परेशान हो सकता है, पर परास्त कभी नहीं'- आचार्य पुलकसागर

**पर्युषण के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म की आराधना; सूर्यमहल में भक्ति में झूमे श्रावक-श्राविकाएं**

स्मार्ट हलचल





**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** झूठ से मिली सफलता भले कुछ पल की हो, लेकिन मन को शांति नहीं दे सकती। सत्य की राह कठिन और कांटों भरी जरूर है, मगर मंजिल हमेशा उसी की होती है। सत्य परेशान हो सकता है, पर परास्त कभी नहीं हो सकता। राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागर महाराज ने रविवार को शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में पर्युषण महापर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म की आराधना के दौरान यह संदेश दिया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे आयोजन में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा और उत्तम सत्य धर्म का पूजन हुआ। चक्रवर्ती व इन्द्र के रूप में श्रावकों ने अभिषेक किया। भगवान की भक्ति में श्रावक-श्राविकाएं झूम उठे। आचार्यश्री ने कहा कि झूठ जुबान से निकलता है, लेकिन उसकी जड़ मन में होती है। इसलिए केवल मौन धारण कर लेने से कोई सत्यवादी नहीं बनता। सत्य को जीने के लिए मन की साधना जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोभ और लालच से घिरा व्यक्ति उत्तम सत्य को नहीं जी सकता। सत्य कड़वा नहीं होता, हमारा मन कड़वा होता है।

**तरुणसागर को याद कर छलके आंसू**

प्रवचन के दौरान आचार्य पुलकसागर महाराज ने अपने ज्येष्ठ गुरु भ्राता पूज्य तरुणसागर महाराज के साथ बिताए तीन वर्षों को याद किया। उन्होंने कहा कि तरुणसागर उनके शिक्षा गुरु थे और दोनों की जोड़ी राम-लक्ष्मण जैसी थी। 'धर्म के संस्कार गुरुदेव पुष्पदंत सागर से और प्रभावना के संस्कार तरुणसागर से मिले।' दिल्ली में तरुणसागर महाराज की समाधि के दिन उमड़ी भावनाओं को याद करते हुए आचार्यश्री भावुक हो उठे। पर्युषण के छठे दिन सोमवार को सुगंध दशमी पर उत्तम संयम धर्म की आराधना होगी। दस दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर होगा।

रायपुर में गूंजे वीर तेजाजी के जयकारे

## जाट छात्रावास से निकली विशाल ट्रैक्टर वाहन रैली, डीजे की धुन पर झूमे युवा; जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

*कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए तेजाजी स्थान (बायपास) पर संपन्न हुई रैली; सैकड़ों ट्रैक्टरों के काफिले पर भामाशाहों ने की पुष्पवर्षा व नाश्ते की व्यवस्था, समाज के जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन रहे मौजूद...*

स्मार्ट हलचल



**रायपुर**
कस्बे में रविवार को सर्व समाज एवं जाट समाज के सानिध्य में भव्य व विशाल ट्रैक्टर वाहन रैली धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। सैकड़ों सुसज्जित ट्रैक्टरों और वाहनों के लंबे काफिले के साथ निकली इस रैली से पूरा कस्बा भक्तिमय और उल्लासपूर्ण माहौल में सराबोर हो गया। रैली का शुभारंभ जाट छात्रावास से हुआ, जो कस्बे के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई तेजाजी के स्थान बायपास पर पहुंचकर धर्मसभा एवं महाआरती के साथ संपन्न हुई।

**डीजे की धुनों पर थिरके युवा, जगह-जगह हुआ स्वागत**

रैली में क्षेत्रभर से आए युवाओं और ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। डीजे की धुन पर बज रहे भक्ति व वीर रस से ओत-प्रोत गीतों पर युवा नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली मार्ग में विभिन्न चौराहों व मुख्य बाजारों में स्थानीय व्यापारियों, ग्रामीणों एवं भामाशाहों द्वारा पुष्पवर्षा कर रैली का आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही प्रतिभागियों के लिए जगह-जगह शीतल पेयजल, फल एवं स्वल्पाहार (नाश्ते) के काउंटर लगाए गए।

**तेजाजी स्थान बायपास पर हुआ भव्य समापन**

कस्बे के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने के बाद रैली बायपास स्थित तेजाजी महाराज के पावन स्थल पर पहुंची।
तेजाजी महाराज के दर्शन-पूजन के उपरांत प्रबुद्धजनों ने सामाजिक एकता, नशामुक्ति और भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

**क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं समाजजन रहे उपस्थित**

विशाल वाहन रैली में समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व युवा नेता शामिल हुए। इस अवसर पर जाट समाज जगदीश चोकला अध्यक्ष मांगीलाल जाट, आसाहोली सरपंच देवीलाल जाट, विधायक प्रत्याशी रूपलाल जाट, आरएलपी नेता बद्री लाल जाट, सहाड़ा जाट समाज अध्यक्ष गेहरी लाल जाट, शंकर लाल जाट (रामपुरिया), धनराज जाट (कोशीथल), भामाशाह लेहरुलाल जाट, कालू जाट (पालरा), केसर जाट (सूरजपुरा), लक्ष्मण जाट (सूरजपुरा), युवा अध्यक्ष सुरेश जाट (रेवाड़ा), पूर्व अध्यक्ष रतन लाल जाट, शंकर लाल जाट, भेरू लाल जाट (मेरनिया), किशन लाल जाट, रमेश जाट (पिता का खेड़ा), रामलाल जाट (अम्बाखेड़ा), सुरेंद्र सिंह चौधरी, भवानी सिंह चौधरी, देवीलाल जाट (नंदशा) एवं भंवर जाट (रूपारेल) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और समाजजन उपस्थित रहे।

तेजादशमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, 52 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

## शिक्षा, नशामुक्ति और लक्ष्य के प्रति समर्पण का दिया संदेश; बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्राओं को मिली प्रोत्साहन राशि

स्मार्ट हलचल





शाहपुरा में रविवार को तेजादशमी के अवसर पर तेजाजी महाराज की आस्था, सामाजिक एकजुटता और प्रतिभा सम्मान का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत शिव जाट छात्रावास परिसर से निकाली गई विशाल शोभायात्रा से हुई। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों एवं मुख्य बाजार से होते हुए निकली, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में मस्क बाजा, मंसूरी ढोल, डीजे, घोड़ी एवं ऊंट सवारी सहित विभिन्न आकर्षण रहे। पारंपरिक वाद्य यंत्रों और धार्मिक जयकारों से शहर का वातावरण उत्साह एवं उल्लास से गूंज उठा। समाजबंधुओं ने पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रा में सहभागिता निभाई।

**52 प्रतिभाओं का किया सम्मान**

शोभायात्रा के बाद शिव जाट छात्रावास परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नवग्रह आश्रम के संचालक हंसराज जी सगड़ौलिया रहे। अध्यक्षता शंकर जी कुड़ी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शोभाराम जी तोगड़ा, नरेंद्र जी चौधरी, धीरज जी भदाला एवं शंकर जी गोदारा मौजूद रहे। समारोह में शिक्षा, खेल एवं सरकारी सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली 52 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, पिछले एक वर्ष में सरकारी सेवाओं में चयनित नवनियुक्त कर्मचारी, NEET एवं JEE में चयनित विद्यार्थी तथा राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ी शामिल रहे।

**छात्राओं को मिली प्रोत्साहन राशि**

बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरपंच मुकेश जी जाट एवं मुनिराम जी जाट बावड़ी ने अपनी पूर्व घोषणा के अनुसार कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अलग-अलग प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को 75,500 रुपए, द्वितीय स्थान पर 50,500 रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को 25,500 रुपए की राशि प्रदान की गई। इस पहल से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज की बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया।

**युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान**

मुख्य अतिथि हंसराज जी सगड़ौलिया ने अपने संबोधन में युवाओं को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा को जीवन की प्राथमिकता बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है और युवाओं को अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाते हुए शिक्षा एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। विशिष्ट अतिथि नरेंद्र चौधरी सहित अन्य वक्ताओं ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति गंभीर रहने तथा निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

**बालिका छात्रावास के लिए लाखों की घोषणाएं**

समारोह के दौरान सामाजिक सहयोग एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गईं। छात्रावास अध्यक्ष राजू जाट ने बालिका छात्रावास के लिए अपनी ओर से 5 लाख 1 हजार रुपए देने की घोषणा की। वहीं इससे पूर्व मुनिराम जडेला बावड़ी द्वारा बालिका छात्रावास के लिए 11 लाख रुपए की घोषणा की जा चुकी है। इन घोषणाओं का समाजबंधुओं ने स्वागत किया।

**सामाजिक एकजुटता का दिखा संदेश**

कार्यक्रम में रामप्रसाद गोरा, जगदीश जाट, राजू जाट, रामधन जाट, बेनाथ जाट, रामलाल जाट, रतनलाल जाट, कालूराम जाट, अर्जुन जाट, गजराज जाट, अनिल गोरा, प्रधान चाड़ा, सांवरलाल गोरा, सुरेश, श्यामलाल गोरा, पुखराज गोरा, शंकरलाल जाट, नारायण जाट, तेजू जाट, पुखराज जाट, सांवरमल जाट, कैलाश गोरा, सरपंच सत्यनारायण जाट, कैलाश गोदारा, महावीर जाट, भीरू जाट, रामस्वरूप कालेल सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे। तेजादशमी के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम शोभायात्रा से शुरू होकर प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में शिक्षा, प्रतिभा प्रोत्साहन, बालिका शिक्षा, नशामुक्ति और सामाजिक एकजुटता का संदेश प्रमुख रूप से सामने आया।कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट रामप्रसाद जाट ने किया। अंत में शिव जाट छात्रावास समिति, शाहपुरा की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी समाजबंधुओं, भामाशाहों, अतिथियों एवं सम्मानित प्रतिभाओं का आभार व्यक्त किया गया।

## तेजा दशमी पर भरेगा मेला, तेजाजी महाराज बताएंगे अकाल और सुकाल..

### किसानों के लिए कैसा रहेगा आने वाला जमाना, बारिश के भी बताएंगे संकेत

स्मार्ट हलचल


**शाहपुरा ।** क्षेत्र के खामोर में तेजा दशमी पर तेजाजी महाराज के मेले का विशाल आयोजन किया जाता है। पंच दिवसीय मेला महोत्सव के आखिरी दिन तेजा दशमी को तेजाजी चौक में मेला भरेगा। सुबह से ही दुकानें लगना प्रारंभ हो जाएंगी। दोपहर 12 बजे तेजाजी महाराज की विशाल शोभायात्रा एवं बिंदोरी निकाली जाएगी। शोभायात्रा चारभुजा मंदिर पहुंचेगी, जहां ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं के सामने किसानों के लिए बारिश, अकाल और सुकाल से संबंधित बातें बताई जाएंगी। साथ ही आने वाला जमाना कैसा रहेगा और कितने आना रहेगा, इसकी भी जानकारी परंपरा के अनुसार बताई जाएगी।मेले को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बीती रात नवमी को तेजाजी महाराज की विशेष बिंदोरी निकाली गई। मुख्य बाजार स्थित भेरूजी महाराज के मंदिर से निकली बिंदोरी में तेजाजी महाराज करीब आधा किलोमीटर तक एक पांव पर दौड़ते हुए राज्यास रोड स्थित छतरी बावड़ी हनुमान मंदिर पहुंचे। वहां भी जमाने और बारिश को लेकर बातें बताई गईं। खामोर में पंचमी, नवमी और दशमी को एक ही बात तीन दिन तक ग्रामीणों को जमाने से संबंधित बताने की परंपरा है। नवमी की रात्रि विशाल तेजाजी महाराज की वार्ता का आयोजन भी हुआ। तेजा दशमी के मुख्य आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है और सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि इस बार आने वाले जमाने को लेकर क्या संकेत बताए जाते हैं।तहनाल में मेले के आयोजन को लेकर एक दिन पहले ही दुकानें लग चुकी हैं मंदिर को ग्राम पंचायत ने विशेष सजावट की है।विशाल भजन संध्या का भी आयोजन हुआ,प्रति वर्ष की भांति मेले में पुलिस जाप्ता मौजूद रहेगा।



## दो बच्चों की मां के साथ कानपुर में पेड़ से लटका मिला प्रेमी युवक, दिसंबर में थी शादी

स्मार्ट हलचल

**कानपुर ।** यहां दो बच्चों की मां के साथ उसके प्रेमी युवक ने रेलवे लाइन किनारे एक ही पेड़ से फंदे पर लटकर जान दे दी। जेब से मिले आधार कार्ड और करीब एक किलोमीटर दूर खड़ी बाइक से दोनों की पहचान उन्नाव के जवाहरखेड़ा निवासी मालती देवी (27) और कोतवाली थाना के खुमान खेड़ा निवासी ओम (22) के रूप में हुई। यह वारदात महाराजपुर थाना के सुभौली गांव की है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। जहां आज रविवार को दोनों के परिवार वाले भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच करीब दो साल से प्रेम संबंध थे। मृतक मालती देवी के पति रामू निवासी जवाहरखेड़ा,उन्नाव ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है। साल 2018 मे उसकी शादी हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। पत्नी मालती के करीब दो साल से ओम से प्रेम संबंध थे। ओम अक्सर उनके पड़ोसी छोटू के घर आता-जाता था। इसी दौरान दोनों की बातचीत शुरू हुई। रामू का आरोप है कि पड़ोसी छोटू ने ही उसकी पत्नी का मोबाइल नंबर ओम को दिया था, जिसके बाद दोनों के बीच बातचीत बढ़ती गई। पुलिस को पति रामू ने बताया कि दिसंबर-2025 में मालती बिना बताए घर से चली गई थी। देर शाम घर लौटने पर उसके नहीं मिलने पर काफी खोजबीन की गई। पता नहीं चलने पर उसने उन्नाव के कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। करीब चार दिन बाद पुलिस ने मालती को उसके फूफा हरिशंकर के घर से बरामद कर थाने लाया था। रामू ने बताया- उस दौरान मालती के पिता रामशंकर और ओम के पिता सुखलाल को भी थाने बुलाया गया था। वहां मालती ने परिवार के सामने पति के साथ रहने से इनकार कर दिया था। उसने कहा था कि वह प्रेमी ओम के साथ रहेगी या मायके चली जाएगी। इसके बाद पुलिस ने लिखा-पढ़ी कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। ओम को भी महिला से दूरी बनाए रखने और बातचीत न करने की हिदायत देकर छोड़ दिया गया था। परिजनों के मुताबिक, कुछ समय बाद दोनों फिर फोन पर बातचीत करने लगे थे। घटना के समय ओम कुछ सामान लेने की बात कहकर घर से निकला था। वहीं मालती भी सुबह करीब 7 बजे घर से बिना कुछ बताए निकल गई थी। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।



## श्री सीमेंट रास में ईपीएफओ की जागरूकता बैठक



### 'विश्वास-2026' अभियान के तहत कर्मचारियों व ठेकेदारों से किया संवाद

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर/रास।** श्री सीमेंट रास प्लांट में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के 'विश्वास-2026' अभियान के तहत कर्मचारियों, ठेकेदारों एवं श्रमिक प्रतिनिधियों के लिए जागरूकता एवं संवाद बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य भविष्य निधि से जुड़े विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान, नियमों के अनुपालन को मजबूत करना तथा हितधारकों को ईपीएफ संबंधी प्रावधानों की जानकारी देना रहा। बैठक में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, पाली अनिल तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ प्रवर्तन अधिकारी आर.डी. मीणा एवं सुमित सांखला भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एचआर हेड जे.के. पुरोहित एवं एचआर विभाग के गोविंद स्वरूप न्याति ने अधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान कुंदन बिश्नोई, चेतन चौधरी एवं विश्वजीत सिंह सहित एचआर विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने 'विश्वास-2026' अभियान के उद्देश्यों तथा ईपीएफ से जुड़े नवीन प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही नियोक्ताओं और श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभाव, ईपीएफ अनुपालन, ऑनलाइन प्रक्रियाओं, दावों के निपटारे एवं विवादों के समाधान से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ठेकेदारों, सुपरवाइजरों एवं श्रमिकों ने ईपीएफ से संबंधित सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने समाधान किया। अधिकारियों ने सभी नियोक्ताओं एवं श्रमिकों से समयबद्ध और पारदर्शी ईपीएफ अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की। बैठक से उद्योग एवं ईपीएफओ के बीच संवाद और सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिला।

## सीमेन्ट श्रमिकों का देशव्यापी धरना प्रदर्शन 21 को नई दिल्ली में

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़ ।** अखिल भारतीय सीमेन्ट मजदूर महासंघ के आह्वान पर 21 सितम्बर को नई दिल्ली के जन्तर-मंतर पर देशव्यापी धरना प्रदर्शन होगा जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के सीमेन्ट उद्योगों में कार्यरत श्रमिक इसमें सम्मिलित होंगे। सीमेन्ट महासंघ के प्रभारी गोपाल सिंह चौहान, अध्यक्ष रतनलाल शर्मा, महामंत्री शंकर सिंह लगेत के नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश से श्रमिक दिल्ली रवाना होंगे। राजस्थान सीमेन्ट महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि चित्तौड़गढ़ से आदित्य सीमेन्ट, शम्भूपुरा, बिरला चंदेरिया सीमेन्ट अल्ट्राटेक सीमेन्ट पिण्डवाड़ा, जेके लक्ष्मी पिंडवाड़ा, त्रिनेत्र सीमेन्ट बांसवाड़ा, अल्ट्राटेक कोटपुतली, बांगड़ सीमेन्ट रास अंबुजा सीमेन्ट राबड़ियावास श्रीसीमेन्ट अंधेरी बिड़ला व्हाईट खारियाखंगार सीमेन्ट प्लांटों से अपनी पाँच प्रमुख मांगों को लेकर सीएमए के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि राजस्थान प्रदेश से सैकड़ों की संख्या में जंतर मंतर पर मौजूद रहेंगे तथा अपनी मुख्य मांगों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। सीमेन्ट श्रमिकों की मुख्य मांगों में सीमेन्ट उद्योग के कर्मचारियों को वेज बोर्ड में शामिल कर स्थायी किये जाने, सीमेन्ट निर्माता संघ और महासंघ के बीच जल्द समझौता कर उसे कर्मचारियों पर लागू किया जाने, ठेका प्रथा बंद कर ठेका कर्मचारियों को स्थायी करने की प्रक्रिया शुरू की जाने, सीमेन्ट निर्माण संघ के साथ होने वाले समझौते में ठेका कर्मचारियों को भी शामिल किया जाने सहित सभी सीमेन्ट उद्योगों में सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष की जाने की मांग मुख्य रहेगी।

## अकलेरा स्टेशन पर किलाबंदी टिकट जांच अभियान, 49 मामलों में 34,100 का जुर्माना

### वैध एवं उचित टिकट के साथ यात्रा के प्रति यात्रियों को किया गया जागरूक

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** रेल यात्रियों में वैध एवं उचित टिकट के साथ यात्रा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कोटा मंडल के अकलेरा रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट जांच अभियान चलाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा के 21 मामले पाए गए, जिनमें नियमानुसार 12,380 का जुर्माना लगाया गया। वहीं अनुचित टिकट के 28 मामलों में 21,720 का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार कुल 49 मामलों में 34,100 का जुर्माना लगाया गया। टिकट जांच अभियान में प्रभारी एन. एस. मीना के नेतृत्व में मुकेश सोरसारिया, अमित सिंह, अमित सिंघल एवं रामेश्वर मेहर सहित कुल पांच टिकट जांच कर्मचारियों ने भाग लिया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि यात्रियों को नियमसम्मत यात्रा के प्रति जागरूक करने के लिए कोटा मंडल में इस प्रकार के टिकट जांच अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान हमेशा वैध एवं उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें।

## एबीवीपी की नगर बैठक आयोजित, आगामी कार्यक्रमों एवं कार्यकारिणी गठन पर हुई चर्चा

स्मार्ट हलचल

**लाखेरी** - अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) की नगर बैठक रविवार को गायत्री होटल में आयोजित हुई। बैठक का संचालन नगर मंत्री यशवर्धन वैष्णव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कोटा-बूंदी विभाग संगठन मंत्री रवि तथा भाग संयोजक ऋषि उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत परिषद गीत के साथ हुई। इसके पश्चात नगर मंत्री यशवर्धन वैष्णव ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का परिचय करवाया तथा संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए विभाग संगठन मंत्री रवि ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए नवीन महाविद्यालय एवं विद्यालय इकाइयों की कार्यकारिणी का गठन किया जाना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने नगर में विद्यार्थी परिषद की भूमिका, विद्यार्थियों से जुड़े विषयों तथा संगठन के आगामी कार्यों के बारे में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। बैठक में नगर सह मंत्री गिर्राज, नगर सह मंत्री देवेंद्र, महाविद्यालय संयोजक विठ्ठल, कार्यकर्ता निक्कू, जितेंद्र सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### चित्तौड़गढ़ में आमेटा समाज की नई कार्यकारिणी का गठन

# जगदीश प्रसाद बने अध्यक्ष, समाज भवन निर्माण व प्रतिभा प्रोत्साहन रहेगी प्राथमिकता

**वर्ष में दो बार होली-दीपावली मिलन समारोह व एक बार स्नेहभोज का होगा आयोजन; निर्धन मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा आर्थिक संबल, अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से खुलेगा बैंक खाता**

स्मार्ट हलचल






**चित्तौड़गढ़ ।** चित्तौड़गढ़ में रविवार को आमेटा समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक वरिष्ठ समाजसेवी इन्द्र लाल आमेटा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज के चहुंमुखी विकास, सामाजिक एकता, प्रतिभा सम्मान और संगठनात्मक विस्तार को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें जगदीश प्रसाद आमेटा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने समाज भवन हेतु भूमि आवंटन एवं भवन निर्माण कार्य को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने का संकल्प लिया।

**होली-दीपावली मिलन समारोह, प्रतिभाओं व निर्धन विद्यार्थियों को प्रोत्साहन**

बैठक में सामाजिक समरसता और परस्पर जुड़ाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष में दो बार (होली व दीपावली पर) मिलन समारोह तथा वर्ष में एक बार विशाल स्नेहभोज आयोजित करने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। मिलन समारोह के सुचारू संचालन हेतु प्रति परिवार 500 रुपये वार्षिक सहयोग राशि आयोजन से पूर्व जमा कराने का प्रस्ताव पारित हुआ, जबकि स्नेहभोज का खर्च आपसी सहमति से तय किया जाएगा। इसके साथ ही समाज की शैक्षणिक व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित करने तथा निर्धन व जरूरतमंद प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने का ऐतिहासिक प्रस्ताव भी पारित किया गया।

**अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के संयुक्त संचालन से खुलेगा बैंक खाता**

बैठक में वित्तीय पारदर्शिता और संस्थागत व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु समाज की पंजीकृत संस्था के नाम से तत्काल प्रभाव से एक नया बैंक खाता खुलवाने का प्रस्ताव लिया गया। इस खाते का संचालन नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षरों से किए जाने का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**आमेटा समाज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी:**

अध्यक्ष: श्री जगदीश प्रसाद आमेटा
वरिष्ठ उपाध्यक्ष: श्री लक्ष्मी लाल आमेटा
उपाध्यक्ष: श्री पंकज आमेटा (धनौरा)
सचिव: श्री मुकुन्द आमेटा
सह-सचिव: श्री अरविन्द आमेटा
कोषाध्यक्ष: श्री कमलेश आमेटा (धनौरा)
संरक्षक मंडल: श्री शम्भूलाल आमेटा (पूर्व अध्यक्ष), श्री इन्द्रलाल आमेटा, श्री अमर लाल आमेटा, श्री राधेश्याम आमेटा, श्री रमेश आमेटा, श्री महेश आमेटा, श्री हरि प्रसाद आमेटा एवं श्री गोविन्द आमेटा।
मीडिया टीम: मीडिया प्रभारी–श्री निरंजन आमेटा, सोनू आमेटा, दिनेश आमेटा 7 मीडिया सहप्रभारी–श्री भावेश आमेटा।

**समाज बंधुओं ने जताया आभार**

बैठक के सफल आयोजन एवं समाज मिलन को लेकर उपस्थित सभी समाज बंधुओं व आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष जगदीश प्रसाद आमेटा ने सभी वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि वे समाज के विश्वास पर खरा उतरने और समाज भवन के सपने को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

## महाराजा कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, विद्यार्थियों को दिलाई यातायात नियमों के पालन की शपथ

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** महाराजा महाविद्यालय, जयपुर में मुस्कान फाउंडेशन की ओर से BRACE - Road Safety College Education Program के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात अनुशासन, सुरक्षित वाहन संचालन और जिम्मेदार सड़क व्यवहार के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन जयपुर RTO-2 तथा परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान सरकार के सहयोग से किया गया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. आर.के. गुसाई ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और अतिथियों एवं प्रशिक्षकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर RTO Inspector दिनेश सिंह रहे। खास बात यह रही कि दिनेश सिंह महाराजा महाविद्यालय के पूर्व छात्र भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा के महत्व और यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नियमों का पालन करने के साथ परिवार और समाज में भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की। दिनेश सिंह ने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने तथा यातायात संकेतों एवं नियमों का पालन करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित सड़क व्यवहार प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।



**विद्यार्थियों को दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण**

मुख्य अतिथि के संबोधन के बाद मुस्कान फाउंडेशन की ओर से महेश कुमार शर्मा एवं समीर नैनावत ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट के सही उपयोग, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट, मोबाइल फोन से बचने, यातायात संकेतों को समझने और उनका पालन करने सहित सड़क पर पैदल यात्रियों एवं अन्य वाहन चालकों के प्रति जिम्मेदार व्यवहार की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुस्कान फाउंडेशन की Director - Projects नेहा खुल्लर की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने सड़क सुरक्षा जागरूकता के प्रयासों तथा युवाओं को सुरक्षित सड़क व्यवहार के प्रति प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. ऋषिकेश मीणा, डॉ. दिनेश कुमार, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं की सड़क सुरक्षा में भूमिका, जिम्मेदार ड्राइविंग और यातायात नियमों के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर चर्चा की गई।

**विद्यार्थियों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ**

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि दिनेश सिंह ने विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभागियों को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता बनने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा केवल परिवहन विभाग या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक सड़क उपयोगकर्ता की व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारी है। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग, गति सीमा का पालन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना, नशे की स्थिति में वाहन नहीं चलाना और यातायात संकेतों का पालन करना सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलू हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुस्कान फाउंडेशन, जयपुर RTO-2 एवं परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग का सहयोग रहा। महाविद्यालय प्रशासन ने अतिथियों, प्रशिक्षकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राउंड टेबल 281 बनाएंगी घोड़ाबस्ती स्कूल में 27 लाख से बनेंगे चार नए कक्षा-कक्ष

### भूमिपूजन के साथ शुरू हुई निर्माण प्रक्रिया, फर्नीचर से सुसज्जित होंगे सभी कक्ष

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार और विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में राउंड टेबल 281 ने एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, घोड़ाबस्ती में करीब 27 लाख रुपये की लागत से चार नए कक्षा-कक्षों का निर्माण कराया जाएगा। रविवार को विद्यालय परिसर में इन कक्षा-कक्षों के निर्माण के लिए विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में राउंड टेबल 281 के चेयरमैन सारांश मित्तल, प्रोजेक्ट कन्वीनर निमिष अग्रवाल, सिद्धार्थ पोद्दार, मुदित गोयल और ऋषि जैन उपस्थित रहे। चेयरमैन सारांश मित्तल ने बताया कि नवनिर्मित कक्षा-कक्षों को विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप फर्नीचर से सुसज्जित किया जाएगा। इससे विद्यालय में अध्ययन के लिए अतिरिक्त स्थान उपलब्ध होने के साथ विद्यार्थियों को बेहतर एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा। सारांश मित्तल ने बताया कि राउंड टेबल 281 पिछले 10 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सेवा कार्य कर रही है। संस्था की ओर से अब तक 52 से अधिक कक्षा-कक्षों का निर्माण कराया जा चुका है।



# 70वीं जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ

### महाराव भीमसिंह स्टेडियम, सांगोद में खेल प्रतिभाओं का दिखा उत्साह

स्मार्ट हलचल

**सांगोद,** सांगोद के महाराव भीमसिंह स्टेडियम में आज 70वीं जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ बड़े उत्साह, उमंग और धूमधाम के साथ हुआ। प्रतियोगिता के आयोजन से पूरे क्षेत्र में खेलमय वातावरण देखने को मिला। विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, शारीरिक शिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका चेयरमैन जगदीश शर्मा रहे।

इस अवसर पर DYSP नरेंद्र जैन, थाना अधिकारी पवन मीणा, दुष्यंत शर्मा मोइकला पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष माइनॉरिटी ब्लॉक शहजाद खान, समाजसेवी नौशाद मिर्जा, सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे।

**खिलाड़ियों का किया स्वागत एवं सम्मान**

आयोजन समिति की ओर से प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों, टीमों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों का स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया गया।

अतिथियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया तथा उन्हें खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गईं।




इस अवसर पर कोटा जिले के सोफिया स्कूल डॉ बंशी धर सहीत जिले के सभी ब्लॉक के विधालय उपस्थित रहे।

**अतिथियों ने दिया खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन**

मुख्य अतिथि जगदीश शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच प्रदान करती हैं।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ना चाहिए और अपनी प्रतिभा को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अशरफ़ ने कहा कि विद्यालय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा को सामने लाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ अमन मिर्जा ने कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह विद्यार्थियों को जीवन में संघर्ष, अनुशासन और निरंतर मेहनत का महत्व सिखाते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करे और सांगोद क्षेत्र का नाम रोशन करे। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन की कामना की।

**खेल भावना के साथ प्रतियोगिता का आगाज**

उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। स्टेडियम में मौजूद दर्शकों एवं खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन स्थल पर अनुशासन, खेल भावना और उत्साह का शानदार संगम देखने को मिला। 70वीं जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता-2026 के इस भव्य आयोजन का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करना तथा खेलों के प्रति विद्यार्थियों में रुचि और जागरूकता बढ़ाना है। आयोजक JLN Sanskar Academy, Sangod की ओर से सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, शारीरिक शिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया और प्रतियोगिता के आगामी चरणों के लिए सभी टीमों को शुभकामनाएं दी गईं।

## मंडावर में चेयरमैन की कुर्सी का महासंग्राम: 10 का दम, 8 की दावेदारी और 7 निर्दलीयों के हाथ में अमृत कलश!

**25 वार्डों के मंथन से निकली ऐसी सियासी पहेली, 13 के जादुई आंकड़े ने बढ़ाई बेचैनी-अब किसके हिस्से आएगा कुर्सी का अमृत?**

स्मार्ट हलचल




**मंडावर।** सतयुग में देवता और दानव अमृत के लिए समुद्र मंथन कर रहे थे, लेकिन मंडावर में कलियुग का मंथन कुछ ऐसा है कि समुद्र कम और सियासी लहरें ज्यादा उठ रही हैं। वहां अमृत कलश क्षीर सागर से निकला था, यहां अमृत कलश सीधे नगर पालिका की चेयरमैन कुर्सी पर रखा दिखाई दे रहा है। 25 वार्डों के चुनावी मंथन के बाद तस्वीर साफ है–भाजपा के खाते में 10, कांग्रेस के खाते में 8 और 7 निर्दलीय। बहुमत चाहिए 13 का। यानी कुर्सी सामने है, लेकिन बहुमत का रास्ता अभी भी सात निर्दलीयों की चौखट से होकर गुजरता दिखाई दे रहा है।

**कुर्सी एक... दावेदार दो... और चाबी सात के पास!**

भाजपा की ओर से अशोक नारेड़ा और कांग्रेस की ओर से अनीता देवी मीणा मैदान में हैं। कागज पर मुकाबला सीधा है, लेकिन गणित इतना सीधा नहीं कि कैलकुलेटर भी चैन की सांस ले सके। भाजपा के पास 10 और कांग्रेस के पास 8 पार्षद हैं। दोनों को बहुमत के लिए अतिरिक्त समर्थन की जरूरत है। ऐसे में वे 7 निर्दलीय पार्षद, जिनके पास अपनी-अपनी राजनीतिक स्वतंत्रता है, इस पूरे खेल में सबसे ज्यादा चर्चा में हैं।

**यानी कहानी कुछ ऐसी है–**

कुर्सी दो दावेदारों की, बहुमत 13 का और नजरें सात पर!

**बगावत की आग बुझी या सिर्फ धुआं थमा?**

नाम वापसी के आखिरी दिन भाजपा खेमे से गुड्डी देवी और आशा देवी के नाम वापस होने के बाद मुकाबला दो प्रत्याशियों तक सिमट गया। बाहर से देखें तो मैदान साफ नजर आता है, लेकिन राजनीति में मैदान साफ होना और रास्ता साफ होना–दो अलग-अलग बातें हैं।

अब असली परीक्षा उन रणनीतिकारों की है जो अपने-अपने खेमे के आंकड़ों को 13 तक पहुंचाने की कवायद में जुटे हैं।

किसके साथ कौन जाएगा?

किसे समर्थन मिलेगा?

कौन आखिरी समय तक अपना रुख बनाए रखेगा?

और सबसे बड़ा सवाल–किसके खाते में चेयरमैन की कुर्सी जाएगी?

इन सवालों के जवाब अभी बंद लिफाफे में हैं।

सात निर्दलीय–राहु, केतु या अमृत के देवदूत?

इन सात निर्दलीयों को कोई सियासी राहु-केतु मान रहा है तो कोई अमृत कलश की चाबी। लेकिन इतना तय है कि इनके रुख पर निगाहें टिकी हैं।

आज जो समीकरण दिखाई दे रहा है, मतदान के दिन वही रहे–यह जरूरी नहीं।

राजनीति के इस समुद्र मंथन में कौन किसके साथ खड़ा होता है, यही तय करेगा कि अमृत किसे मिलता है और किसके हाथ सिर्फ खाली कलश आता है।

**21 सितंबर को खुलेगा सियासी पिटारा**

अब सबकी नजर 21 सितंबर को प्रस्तावित चेयरमैन चुनाव के मतदान पर है। बाड़ेबंदी, बैठकों और राजनीतिक गणित के बीच आखिरकार वह घड़ी आएगी जब दावों की जगह वोट बोलेंगे।

उस दिन न भाषण काम आएगा, न कागजी गणित।

जिसके पक्ष में आंकड़ा खड़ा होगा, वही कुर्सी पर बैठेगा।

और मंडावर की जनता?

जनता को न अमृत की चिंता है, न राहु-केतु की।

जनता की सीधी मांग है–

चेयरमैन कोई भी बने,

कुर्सी किसी की भी हो,

बस मंडावर के विकास की फाइलों पर अगले पांच साल धूल न जमे।

## मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे क्लीनिक पर छापा, एक सीज

### पाल क्लीनिक में लाइसेंस मिला, प्रेमिला मेडिकल स्टोर के पीछे छह बेड का अस्पताल मिला; कागजात न दिखाने पर कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर** विजयीपुर के सतगुरु क्लीनिक में चार वर्षीय बच्ची की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। रविवार दोपहर डिप्टी सीएमओ पीके सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्षपालपुर में मेडिकल स्टोर और क्लीनिकों की जांच की। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही कई संचालक शटर गिराकर मौके से हट गए। टीम ने रक्षपालपुर स्थित पाल क्लीनिक की जांच की। डिप्टी सीएमओ के अनुसार मौके पर क्लीनिक का लाइसेंस मिला। संचालक को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद टीम ने प्रेमिला मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक पर छापा मारा। मेडिकल स्टोर के पीछे छह बेड का अस्पताल संचालित मिला। टीम ने क्लीनिक संचालन से संबंधित अभिलेख मांगे, लेकिन संचालक कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर डिप्टी सीएमओ ने क्लीनिक को सीज कर दिया।

डिप्टी सीएमओ पीके सिंह ने बताया कि सतगुरु क्लीनिक में चार वर्षीय बच्ची की मौत के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्र में मेडिकल स्टोर की आड़ में संचालित क्लीनिक और अन्य अवैध चिकित्सा प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है। जांच और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## शेरपुर में 70वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज

स्मार्ट हलचल, अजीम खान चिनायटा

**हिंडौन सिटी शेरपुर**/ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शेरपुर में रविवार को 70वीं जिला स्तरीय 17 से 19 वर्ष छात्र वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 का रंगारंग शुभारंभ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं आयोजन संयोजक अरुण सिंह डागुर ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन डाबकी खेल मैदान पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया गया। प्रतियोगिता में वॉलीबाल, हैंडबॉल, नेटबॉल, कुश्ती, भारोत्तोलन एवं तैराकी सहित विभिन्न खेलों का आयोजन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी करौली सर्वेश कुमार गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हिंडौन कमलेश शुक्ला रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आर पी विनोद जाट, आर पी शैलेश कुमार, पूर्व सरपंच बाबू सिंह शेरपुर, जगगो ठेकेदार सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं शिक्षक उपस्थित रहे। शारीरिक शिक्षक वीरबहादुर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले भर से विभिन्न टीमें भाग ले रही हैं। खिलाड़ियों के भोजन की व्यवस्था स्थानीय भामाशाहों द्वारा की गई है। उद्घाटन मुकाबला वॉलीबाल में धुरसी और पदमपुरा टीम के बीच खेला गया। प्रतियोगिता 23 सितंबर तक चलेगी।

# बुजुर्ग पत्रकार हमारे दीपक हैं, इन्हीं की रोशनी से मिलेगा उजाला आनंद मिश्र

## वरिष्ठों के अनुभवों से सीखें युवा पत्रकार, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की मासिक बैठक में मंथन

### बैठक में आधुनिक पत्रकारिता की चुनौतियों पर हुई चर्चा

स्मार्ट हलचल



**खागा (फतेहपुर)** ऐरायां ब्लाक सभागार में रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई खागा की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में ऐरायां, धाता, विजयीपुर और हथगाम ब्लाक के विभिन्न गांव-कस्बों से आए पत्रकारों ने प्रतिभाग किया। बैठक में आधुनिक पत्रकारिता और उसके सामने आ रही चुनौतियों पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश द्विवेदी, शिवशरण बंधु, रामनारायण विश्वकर्मा, केदारनाथ शुक्ला, सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण पांडेय और अमित मिश्र ने युवा पत्रकारों के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता ही लोकतंत्र की असली नब्ज है और चुनौतियों के बीच निष्पक्षता बनाए रखना ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित आनंद कुमार मिश्र को सम्मानित किया गया। उन्होंने युवा पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने वरिष्ठजनों की बातों और उनके अनुभवों की कभी अनदेखी न करें। ये वरिष्ठजन हमारी पत्रकारिता के दीपक हैं, इनकी रोशनी में ही हमारी पत्रकारिता रोशन होगी। वहीं हथगाम से आए राजेश यादव और बच्छराज मौर्य ने ग्रामीण क्षेत्र में समाचार संकलन के दौरान आने वाली समस्याओं को रखा। बैठक में कई साथियों ने संगठन को मजबूत करने के लिए सुझाव भी दिए, जिन पर तहसील इकाई ने आगामी बैठक से पूर्व अमल का भरोसा दिया। बैठक में राज्य मुख्यालय से मान्यता प्राप्त पत्रकार रोहित महेश्वरी का संगठन की ओर से फूल माला व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष कुमुद तिवारी ने संगठन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र नाथ सिंह ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया है। यह संगठन को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक और सराहनीय पहल है। यह वेबसाइट प्रदेश भर के ग्रामीण पत्रकारों की गतिविधियों, संगठनात्मक कार्यक्रमों और पत्रकारिता से जुड़े विषयों को एक सशक्त डिजिटल मंच प्रदान करेगी और निश्चित रूप से संगठन को और अधिक सशक्त व संगठित बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। बैठक में सुनील तिवारी, अशोक कुमार सिंह, शिवशरण बंधु, राजेश यादव, मोईन, मनोज कुमार, अरुण कुमार केसकर, विज्ञान सिंह, गोपी तिवारी, यश गुप्ता, सुधीर तिवारी, दीपक सिंह वैस, यश यादव, रमेश प्रसाद गुप्ता, संतोष कुमार, चेतन बाजपेई, दिनेश सिंह, हेमराज मौर्य, अमित सोनी, अतुल चौरसिया, अखिलेश अग्रहरी, दुर्गेश अवस्थी, श्याम सिंह यादव, सौरभ सिंह, अनूप तिवारी सहित तहसील इकाई के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### बेटे को पेड़ के नीचे बैठाया, ट्रेन के आगे कूदी महिला

# 1 दिन पहले पति ने पीटा था; बच्चे को दवा दिलाने की कहकर घर से निकली

स्मार्ट हलचल

**जालोर** जालोर में महिला ने 6 महीने के बेटे को रेलवे ट्रैक के पास छोड़ा और फिर ट्रेन के आगे छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। ट्रेन की चपेट में आने से महिला का सिर फट गया और हाथ-पैर टूट गए। रोते हुए बच्चे को लोगों ने संभाला। जानकारी के अनुसार, 1 दिन पहले महिला के साथ पति ने मारपीट की थी, जिसके बारे में भाई को फोन कर बताया था। रविवार सुबह भाई मिलने पहुंचा और दोनों को समझाया। इसके बाद महिला बेटे को दवाई दिलाने की बात कहकर घर से निकल गई। दोपहर में बागरा और जागनाथ रेलवे स्टेशन के ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। घटना के बाद महिला के शव को ट्रेन से जागनाथ स्टेशन पहुंचाया गया, जहां रेलवे कर्मचारियों ने कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। ASI मांगीलाल ने बताया- भावना (33) पत्नी डूंगाराम मेघवाल निवासी भागली सिंघलान गांव (जालोर) के 6 महीने के बेटे आर्यन की तबीयत खराब थी। रविवार सुबह करीब 9 बजे हॉस्पिटल जाने के लिए घर से निकली थी। दोपहर करीब 12:15 बजे बागरा और जागनाथ रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक के पास पहुंची। यहां उसने बेटे आर्यन को पटरी से कुछ दूरी पर नीम के पेड़ की छांव में बैठा दिया। इसके बाद साबरमती से जोधपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। ट्रेन की टक्कर से भावना का सिर फट गया और हाथ-पैर टूट गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**सुसाइड के कारणों का नहीं हुआ खुलासा**

स्‍ढ मांगीलाल ने बताया- बच्चा मौके पर रो रहा था, जिसे लोगों ने संभाला। महिला के शव और बच्चे को ट्रेन से जागनाथ रेलवे स्टेशन पहुंचाया गया। रेलवे कर्मचारियों ने शव को कोतवाली पुलिस को सौंपा, जिसे जालोर जिला हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। पुलिस ने परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमॉर्टम करवाकर शव सौंप दिया। फिलहाल किसी भी पक्ष ने थाने में मामला दर्ज नहीं कराया है। सुसाइड के कारणों की जांच की जा रही है।

### राजपूत विधवा महिलाओं के लिए संबल बनी श्री राजपूत सभा

## 51 महिलाओं और वृद्ध दंपती को सौपी पेंशन, दो महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीनें

स्मार्ट हलचल




**कोटा।** समाज के जरूरतमंद वर्ग को आर्थिक संबल देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में श्री राजपूत सभा कोटा ने सेवा की एक और मिसाल पेश की। चौहान भवन, बापू नगर कंसुआ में आयोजित कार्यक्रम में सभा की ओर से राजपूत समाज की 51 विधवा महिलाओं एवं एक वृद्ध दंपती को 11वीं पेंशन प्रदान की गई। प्रत्येक लाभार्थी को एक हजार रुपये की राशि देकर आर्थिक सहयोग किया गया। कार्यक्रम में छपावदा के भवानी सिंह सोलंकी ने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता और जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़े होने की भावना में निहित है। विपरीत परिस्थितियों में परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही माताओं और बहनों का सम्मान और सहयोग करना समाज का दायित्व है। कार्यक्रम के आयोजक एवं श्री राजपूत सभा के समाज सारथी रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश ने कहा कि सेवा का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि जरूरतमंद व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी प्रयास होना चाहिए। इसी उद्देश्य से दो जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए सिलाई मशीनें भेंट की गईं। सिलाई मशीन के माध्यम से दोनों महिलाएं घर से ही सिलाई का कार्य शुरू कर आय अर्जित कर सकेंगी और परिवार के भरण-पोषण में अपना योगदान दे सकेंगी। दोनों सिलाई मशीनें समाज सारथी कृष्ण गोविंद सिंह गौड़ की ओर से भेंट की गईं। कार्यक्रम में श्री राजपूत सभा की हेमलता चौहान, राजेश सिंह परिहार, प्रताप सिंह हाड़ा, राजेंद्र सिंह राणावत, प्रोफेसर अरविंद सक्सेना, जोधराज सिंह, भंवर सिंह, कुलदीप सिंह नरूका, कमल सिंह कापरेन, पवन सिंह, भंवर सिंह चौहान, दिलीप सिंह हाड़ा सहित समाजबंधु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ गूंजा तेजाजी महाराज का जयघोष

## गणेश पूजन के साथ तीन दिवसीय श्री वीर तेजा मेले का विधिवत शुभारंभ

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** शहर के ऐतिहासिक श्री वीर तेजा मेले का रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ शुभारंभ हुआ। मेले के शुभारंभ अवसर पर अजमेरी गेट से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा महादेव जी की छतरी, पांच बत्ती होते हुए तेजा चौक पहुंची। इस दौरान वीर तेजाजी महाराज के जयकारों से शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। तेजा चौक पर जिला कलक्टर कमल राम मीना, पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, मेला मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम जयपाल सिंह राठौड़ तथा नगर परिषद आयुक्त कीर्ति कुमावत ने वीर तेजाजी महाराज की पूजा-अर्चना की। इसके बाद कलश यात्रा सुभाष उद्यान पहुंची। यहां जिला कलक्टर कमल राम मीना ने फीता काटकर मेले के शुभारंभ की औपचारिक शुरुआत की। गणेश पूजन के साथ तीन दिवसीय मेले का विधिवत आगाज हुआ। जिला कलक्टर ने शहरवासियों को मेले की शुभकामनाएं देते हुए मेले में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्री वीर तेजा मेला ब्यावर की धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। मेले के दौरान आमजन पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें। मेले के प्रथम दिन कुश्ती एवं वालीबॉल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। कुश्ती में पहलवानों ने पारंपरिक दांव-पेच दिखाए, जबकि वालीबॉल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिताओं को देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी और खेलप्रेमी पहुंचे। तीन दिवसीय मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ लोकनृत्य, कुश्ती, वालीबॉल और महिला रस्सा-कशी सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम होंगे। 20 सितम्बर को खेता खान, 21 सितम्बर को गोकुल शर्मा तथा 22 सितम्बर को आकृति मिश्रा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगी। कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 8 बजे से राठी पवेलियन, सुभाष उद्यान में आयोजित होंगे।

## असम में आदिवासी एकता मंच का बढ़ा विस्तार, रुद्र पेगू बने प्रदेश अध्यक्ष

### राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवंत सिंह दरबार के निर्देशन में नियुक्ति, राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने दी शुभकामनाएं

स्मार्ट हलचल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए रुद्र पेगू को असम प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवंत सिंह दरबार के निर्देशन में यह नियुक्ति की गई। राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने रुद्र पेगू को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में असम में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य आदिवासी समाज को एकजुट कर सामाजिक, शैक्षणिक और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

### असम में संगठन विस्तार को मिलेगी गति

राकेश मीणा ने कहा कि राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच का देश के विभिन्न राज्यों में संगठनात्मक विस्तार लगातार जारी है। असम में प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति से वहां संगठन की गतिविधियों को गति मिलेगी और अधिक से अधिक लोगों को मंच से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने रुद्र पेगू के उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि संगठन की विचारधारा और उद्देश्यों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।

# सैफई में फिटनेस का संदेश लेकर निकली साइकिल रैली, पत्रकारों ने लिया हिस्सा

**'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' के नारे के साथ लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया जागरूक**

स्मार्ट हलचल




**सैफई, इटावा।** भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) प्रशिक्षण केंद्र सैफई की ओर से रविवार 20 सितंबर 2026 को पत्रकारों के साथ साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से लोगों को नियमित व्यायाम, साइकिल चलाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। रैली की शुरुआत 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' के संदेश के साथ हुई। रैली के दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र सैफई के केंद्र प्रभारी पवन कुमार शेलके ने कहा कि स्वस्थ और फिट रहने के लिए साइकिल चलाना व्यायाम का एक सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित साइकिल चलाने से शरीर में रक्त संचार बेहतर बनाए रखने में मदद मिलती है और व्यक्ति सक्रिय एवं स्वस्थ जीवनशैली की ओर बढ़ता है। उन्होंने लोगों से अपने दैनिक जीवन में कुछ समय फिटनेस के लिए निकालने का आह्वान किया। साइकिल रैली मास्टर चंदगीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम से शुरू हुई। रैली तहसील क्षेत्र से होते हुए किसान बाजार, मेडिकल चौराहा सहित विभिन्न मार्गों से गुजरी और वापस स्टेडियम पहुंचकर इसका समापन हुआ। प्रतिभागियों ने साइकिल चलाते हुए लोगों को नियमित व्यायाम और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान रैली के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि स्वस्थ रहने के लिए महंगे संसाधनों की आवश्यकता नहीं है। नियमित रूप से साइकिल चलाना, पैदल चलना अथवा अन्य शारीरिक गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल करके व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रह सकता है। भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र सैफई की ओर से बताया गया कि प्रत्येक रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को फिटनेस के प्रति प्रेरित करना तथा समाज में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता पैदा करना है। आयोजन के माध्यम से युवाओं के साथ-साथ आमजन को भी शारीरिक सक्रियता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस मौके पर डीईओ अमित झा, हेंडवाल कोच सुगंथन आर, एथलेटिक्स कोच अमित कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुघर सिंह पत्रकार, प्रेस क्लब अध्यक्ष वीपी सिंह यादव, विवेक यादव, अवनीश यादव, दिलफूल दिवाकर, ब्रजकिशोर मिश्रा, समेत 50 लोगों ने प्रतिभाग किया।

## पालिकाध्यक्ष की चुनाव की तैयारियों पूर्ण

### पालिकाध्यक्ष के चुनाव पालिका भवन में होगा

स्मार्ट हलचल

**सांगोद** 20 सितम्बर को सांगोद,स्थानीय निकाय विभाग के पालिकाध्यक्ष चुनाव के लिए मतदान 21सितम्बर सोमवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच होगा।निर्वाचन कार्यालय सांगोद ने पालिकाध्यक्ष चुनाव की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।मतदान नगर पालिका सांगोद भवन में करवाया जाएंगा।यहां इस मौके पर पुलिस का व्या पक इंतजाम किया गया है,वहीं मुख्य मार्गो व रास्तों पर पालिका भवन के आस पास बेरिकेडटस लगाकर पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगें।भाजपा व कांग्रेस ने पालिकाध्यक्ष के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के साथ नामांकन पत्र भरवाने का काम पहले ही कर लिया था।भाजपा ने इस बार जर्नल पुरूष पर दांव नहीं खेलकर ओबीसी वर्ग स्वर्णकार समाज के चन्द्रप्रकाश सोनी को पालिकाध्यक्ष के लिए नामांकन करवाया था,वहीं इण्डियन नेशनल कांग्रेस ने एससी वर्ग को साधने के लिए पहले दो बार पार्षद रह चुके बृजमोहन रेगर को पालिकाध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित करके नामांकन करवाया था।पालिकाध्यक्ष पद के लिए भाजपा के चन्द्रप्रकाश सोनी व इण्डियन नेशनल कांग्रेस के बृजमोहन के बीच सोमवार 21 सितम्बर को मतदान होगा।मतदान के बाद तुरंत मतगणना के बाद नतीजे घोषित करके नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष को शपथ दिलवाई जाएंगी।

## 70 वीं जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



### बायतु में 17 एवं 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग की जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

स्मार्ट हलचल

**बायतु।** 70वीं जिला स्तरीय 17 एवं 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग फुटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का आयोजन जिला बालोतरा के अंतर्गत श्री खेमा बाबा माध्यमिक विद्यालय, बायतु के तत्वावधान में रविवार, 20 सितंबर 2026 को हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह उत्साह और खेल भावना के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख बाड़मेर महेंद्र चौधरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बायतु प्रधान सिमरथा राम बेनीवाल ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डूंगर राम काकड़, सरपंच प्रतिनिधि एवं पूर्व बीसीसी चेयरमैन, हुकमाराम सारण, जिला परिषद सदस्य तथा गोपाल भादू उपस्थित रहे। आयोजन सचिव अतर सिंह यादव, आयोजन संयोजक सोनाराम गोदारा एवं व्यवस्थापक धनाराम हुड्डा सहित भूराराम, निर्णायकगण, शारीरिक शिक्षक एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की छात्र-छात्रा टीमें फुटबॉल मुकाबलों में भाग ले रही हैं। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विद्यालय एवं आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों और टीमों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## हेमजी का तला में जिला स्तरीय बॉक्सिंग एवं वुशू प्रतियोगिता का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल

**बायतु ।** हेमजी का तला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 70वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र बॉक्सिंग तथा 17 एवं 19 वर्षीय छात्र-छात्रा वुशू खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता निभाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सांसद बाड़मेर-जैसलमेर उम्मेदाराम जी बैनीवाल, प्रधान बायतु सिमरथाराम जी चौधरी, सरपंच बायतु चिमनजी गोमाराम जी पोटलिया, सीबीईओ बायतु अणदाराम जी, प्रधानाचार्य हरजीराम जी, पूर्व प्रधानाचार्य प्यारी चौधरी एवं पूर्व प्रधानाचार्य पारसमल जी लीलड़ सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उचित अवसर, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलने पर ये खिलाड़ी जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। खिलाड़ियों के प्रति ग्रामीणों के उत्साह और समर्थन से आयोजन स्थल पर खेलमय वातावरण बना रहा। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग एवं वुशू में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए निष्पक्ष खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया।



## 70वीं जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारम्भ

स्मार्ट हलचल



**कैलाशपुरी, बड़गांव (उदयपुर)** 70वीं जिला स्तरीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक (17 व 19 आयु वर्ग) छात्र-छात्रा टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारम्भ आज दिनांक 20.09.2026 को आयोजक विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कैलाशपुरी, बड़गांव, उदयपुर में किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीति गोयल ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी तथा प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु सभी के सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर प्रतियोगिता पर्यवेक्षक श्री संजय शांडिल्य एवं अंतरराष्ट्रीय अम्पायर व कोच श्रीमती हेमलता रावल ने छात्र जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा टेबल टेनिस के नियमों की संक्षिप्त जानकारी दी। शारीरिक शिक्षक श्री देवेन्द्र सिंह ने सभी टीमों को जीत के लिए शुभकामनाएं दीं।

**आज के मुकाबलों के बाद सेमीफाइनल में पहुँचने वाली टीमें**

17 वर्ष छात्र वर्ग - द विजन एकेडमी

17 वर्ष छात्रा वर्ग - संट मेरी फतेहपुरा, GSSS कैलाशपुरी, MGGS कैलाशपुरी, C.P.S.

19 वर्ष छात्र वर्ग - GSSS कैलाशपुरी, M.D.S.

19 वर्ष छात्रा वर्ग - M.D.S., C.A. सीनियर सेकेंडरी स्कूल-3, GSSS कैलाशपुरी, रॉकवुड हाई स्कूल।

### ये है दिल्ली का सबसे खास रेलवे स्टेशन

# 6 मीनारें, मुगल अंदाज और 3 लाख यात्री रोज...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चटख गेरुआ रंग वाली पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन की इमारत वास्तुशिल्प की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ ही कई बदलाव व इतिहास का साक्षी रहा है। 1864 में छोटे से भवन के साथ शुरू हुए इस स्टेशन की गिनती आज देश के दस बड़े स्टेशनों में होती है। यहां से रोजाना 250 से अधिक ट्रेनों का संचालन होता है और तीन लाख के करीब यात्री पहुंचते हैं। यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इसके ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए 25 सितंबर को स्टेशन परिसर में स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रेल मंत्रालय ने दिसंबर तक देश के ऐतिहासिक महत्व वाले 103 रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन महोत्सव मनाने का निर्णय किया है। महोत्सव में स्टेशन के इतिहास की जानकारी देने के लिए फोटो प्रदर्शनी, विरासत स्मारिका का अनावरण, स्टेशन के विकास में



योगदान देने वाले रेलकर्मियों का सम्मान सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यमुना पर लोहा पुल के बनने के बाद वर्ष 1866 के अंतिम दिन यहां ट्रेन पहुंची थी। ईस्ट इंडियन रेलवे कंपनी की कोलकता दिल्ली लाइन पर चलने वाली यह पहली ट्रेन थी। इसके साथ ही दिल्ली रेल मार्ग के माध्यम से देश के अन्य शहरों से जुड़ गया था। लगभग 40 वर्षों तक छोटे भवन से ही रेल संचालन का काम होता रहा। वर्ष 1893 में स्टेशन की नई इमारत बनाने का काम शुरू किया गया और दस वर्षों में यह बनकर तैयार हुआ। दो प्लेटफार्म के साथ नई इमारत को वर्ष 1903 में आम यात्रियों के लिए खोला गया। इसे मुगलकाल के प्राचीन वास्तुशिल्प के आधार पर बनाया गया है। यह इस क्षेत्र के अन्य मुगलकालीन ऐतिहासिक भवनों जैसे लाल किला व जामा मस्जिद के अनुरूप दिखता है। इमारत में कुल छह मीनार हैं। पहले इस स्टेशन की मुख्य इमारत लाल रंग की थी।

### सामरिक महत्व को देखते हुए अंग्रेजों ने स्थापित किया था स्टेशन

1852 में ईस्ट इंडिया रेलवे कंपनी के जनक रोनाल्ड मैक डोनाल्ड स्टीफेंस ने कोलकत्ता से प्रयागराज और दिल्ली होते हुए लाहौर तक रेल लाइन बिछाने की परिकल्पना की थी ।अंग्रेजों ने एक रणनीति के तहत दिल्ली में रेलवे स्टेशन के लिए इस स्थान का चुनाव किया था। भविष्य में हिंसक आंदोलन होने पर उसे आसानी से काबू किया जा सके इसे ध्यान में रखकर रेलवे स्टेशन को शहर के बाहर ले जाने के बजाय आबादी वाले स्थान पर बनाने का फैसला किया गया।

## 11 साल का इंतजार खत्म, 29 सितंबर को खुलेगा बारापुला फेज-3; मयूर विहार से एम्स तक सिग्नल-फ्री होगा सफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लंबे समय से निर्माणाधीन बारापुला फेज-3 अब 29 सितंबर को जनता को समर्पित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसका उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौजूद रहेंगी। लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को परियोजना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। बारापुला फेज-3 के शुरू होने से पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार फेज-1 से सराय काले खां होते हुए एम्स तक सीधी राह मिलने जा रही है। यह मार्ग सराय काले खां के मौजूदा बारापुला मार्ग से जुड़ेगा। इससे मयूर विहार से दक्षिण दिल्ली की ओर जाने वाले लोगों को बेहतर और बिना रुकावट वाला मार्ग मिलने की उम्मीद है। पूरा बारापुला मार्ग करीब नौ किलोमीटर लंबा हो जाएगा। इस परियोजना को वर्ष 2014 में मंजूरी मिली थी और 2015 में निर्माण शुरू हुआ था। इसे वर्ष 2017 तक पूरा किया जाना था, लेकिन विभिन्न कारणों से काम लंबे समय तक खिंचता रहा। देरी के साथ परियोजना की लागत भी बढ़ी और अब इसकी संशोधित लागत करीब 1,635 करोड़ रुपये हो गई है। लोक निर्माण मंत्री वर्मा के अनुसार मयूर विहार और सराय काले खां की ओर बनने वाले दोनों संपर्क मार्गों का निर्माण पूरा हो चुका है। यमुना नदी पर बनने वाला अतिरिक्त भार वाला पुल भी तैयार है।

**संक्षिप्त समाचार**

### अनुबंध कर्मचारियों को भी मिलेगा इलाज, नियमित कर्मियों को कैशलेस सुविधा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमसीडी ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं में संशोधन करते हुए नई स्वास्थ्य पैनल



नीति लागू की है। विशेष कि पहली बार अनुबंध कर्मचारी व उनके परिवार के लिए सीजीएचएस दरों पर नकद भुगतान आधार पर इलाज का विशेष प्रविधान किया गया है। महापौर प्रवेश वाही ने बताया कि इस नीति का उद्देश्य निगम कर्मचारियों, पेंशनभोगियों, वरिष्ठ नागरिकों और उनके परिवारों को सुलभ व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। नियमित कर्मचारी व पेंशनभोगी को सूचीबद्ध अस्पतालों में सीजीएचएस दरों पर कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। जबकि, 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिक बिना किसी रेफरल के सीधे विशेषज्ञ डाक्टरों से परामर्श और कैशलेस इलाज करा सकेंगे। दूसरे राज्यों में सरकारी अस्पताल में कर्मचारियों के इलाज पर सीजीएचएस दरों पर भुगतान होगा। इस क्रम में निजी अस्पतालों व लैब्स के लिए सालभर पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर बिना सुरक्षा जमा जुड़ने की सुविधा रहेगी।

### मेडिकल उपकरणों की मनमानी कीमतों पर केंद्र का बड़ा प्रहार, दाम नियंत्रित करने के प्रयास शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अस्पतालों में मेडिकल उपकरणों की ममनानी कीमतों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। सरकार ने मेडिकल उपकरणों की कीमतों को तर्कसंगत बनाने के मुद्दे पर मेडिकल सेक्टर और प्राइवेट अस्पतालों के साथ बातचीत शुरू कर दी है। गौरतलब है कि हाल ही में महाराष्ट्र ड्रग एंड फूड एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) की जांच में सामने आया कि प्राइवेट अस्पताल लोगों से मेडिकल उपकरणों की मनमानी कीमत वसूलते हैं। एफडीए आयुक्त ने अस्पताल के मेडिकल उपकरणों की कीमतों और एमआरपी के बीच भारी अंतर को लेकर सवाल



उठाया था। इससे पहले अगस्त में, स्वास्थ्य संबंधी संसदीय समिति ने भी प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए ली जानी वाली की रकम की सीमा तय करने की सिफारिश की थी। सूत्रों ने बताया, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सचिव के साथ बैठक के बाद निर्देश दिया है कि मेडिकल सेक्टर और अस्पतालों के साथ बैठकें और संवाद किया जाए। हाल ही में एएनआई को दिए साक्षात्कार में दवाओं की कीमतों के नियमन के बारे में मुल्तानी फार्मास्युटिकल्स के सीईओ डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सभी के लिए है। केंद्र सरकार ने ड्रग प्राइसेस कंट्रोल ऑर्डर के जरिये इस पर काम करना शुरू कर दिया है ताकि दवाओं को बहुत कम कीमत पर उपलब्ध कराया जा सके। एम्स कल्याणी के अध्यक्ष डॉ. वाईके. गुप्ता ने कहा, नेशनल लिस्ट आफ एसेंशियल मेडिसिंस (एलएलईएम) में शामिल दवाएं शेड्यूल्ड दवाओं की श्रेणी में आ जाती हैं और उनकी कीमतें नियंत्रित की जाती हैं। हालांकि, कुछ नॉन-शेड्यूल्ड दवाएं भी होती हैं जिनकी कीमतें फार्मास्युटिकल कंपनियां अपनी सुविधा के अनुसार तय कर सकती हैं। इसी तरह, कई मेडिकल इस्तेमाल की वस्तुओं और उपकरणों, जैसे सिरिंज और ग्लव्स, की कीमतों पर भी कोई असरदार नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा, हमारा मकसद गुणवत्ता से समझौता किए बिना मरीजों को शोषण से बचाना है। अस्पतालों का वाजिब मुनाफा कमाना तो ठीक है, लेकिन बेवजह ज्यादा मुनाफा कमाना गलत है।

नोटिस आया है तो घबराएं नहीं...

# दिल्ली एसआईआर की ड्राफ्ट मतदाता सूची से 47 लाख नाम गायब, 30 सितंबर तक मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) प्रक्रिया में नई ड्राफ्ट मतदाता सूची में 1,45,10,299 करोड़ मतदाताओं में से 47,56,722 के नाम कट गए हैं। ऐसे मतदाताओं को सूची में नाम शामिल कराने के लिए 30 सितंबर तक दावा दाखिल करने का मौका दिया गया है। वहीं, लगभग 33 लाख मतदाताओं को नोटिस भेजे जा रहे हैं। इनके लिए 20 सितंबर और 27 सितंबर को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। वहां जाकर वह वैध दस्तावेज के साथ फार्म जमाकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने प्रेसवार्ता में बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में नाम और जन्म तिथि संबंधी विसंगतियों वाले



निवासियों की सूची आनलाइन प्रकाशित कर दी है। दावा और आपत्ति प्रक्रिया के तहत सुनवाई चल रही है, इसलिए मतदाताओं को नोटिस भेजे जा रहे हैं। नोटिस दो प्रकार के भेजे जा रहे हैं। एक श्रेणी में वे लोग हैं जिन्होंने पिछले एसआइआर से स्वयं को मैप नहीं किया है। दूसरी श्रेणी में वे लोग हैं जिन्होंने मैप तो किया है लेकिन नाम, जन्मतिथि या अन्य जानकारी में गलती है। अब तक 31,63,930 नोटिस वितरित किए गए हैं। नोटिस के साथ उन्हें निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) या सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) के पास दस्तावेज जमा करने को कहा गया है। गए दस्तावेज नहीं है तो वह उससे संबंधित कोई और दस्तावेज ईआरओ के पास जमा कर सकते हैं। ईआरओ उस पर अंतिम निर्णय करेगा। इसी तरह से सत्यापन फार्म जमा न करने या अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक और डुप्लीकेट के रूप में चिह्नित होने के कारण जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं है।

### मतदाता सूची से संबंधित दावे व आपत्ति से संबंधित फार्म

फार्म 6 : नए मतदाताओं के लिए। फार्म 6ए : प्रवासी निर्वाचक द्वारा मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए। फार्म 7 : मौजूदा मतदाता सूची में प्रस्तावित समावेशन/नाम हटाने पर आपत्ति के लिए। फार्म 8 : निवास स्थानांतरण/मौजूदा मतदाता सूची में प्रविष्टियों के सुधार के लिए। वे दावे व आपत्ति से संबंधित फार्म 30 सितंबर तक ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ और मतदान केंद्रों पर भौतिक रूप से या आनलाइन जमा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक में बेला स्टेट सहित अन्य स्थानों पर जहां से सामूहिक रूप से मतदाता स्थानांतरित हो गए हैं उनके लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। बेघर लोगों के लिए रेन बसेरों में शिविर लगाए जा रहे हैं।

## एसटीएफ को देखते ही फ्लाईओवर से लगा दी छलांग, सोनीपत में टोल मैनेजर मर्डर केस में 2 आरोपी गिरफ्तार

**नईदिल्ली, सोनीपत, एजेंसी।** हिसार के बाडो पट्टी टोल पर मैनेजर संजय शुक्ला की हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को सोनीपत एसटीएफ ने एनएच-44 स्थित भिगान फ्लाईओवर पर घेर लिया। एसटीएफ को देखते ही एक आरोपित ने बचने के लिए फ्लाईओवर से छलांग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, उसके साथी को एसटीएफ ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ ने आरोपितों की गाड़ी को भिगान फ्लाईओवर पर घेर लिया था। पुलिस टीम को देखते ही दोनों आरोपित भागने का प्रयास करने लगे। रास्ता नहीं मिलने पर एक आरोपित ने फ्लाईओवर से नीचे छलांग लगा दी। पुल से गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल आरोपित की पहचान हिसार के बहबलपुर गांव निवासी मनोज उर्फ फिल्मी के रूप में हुई है। उसे उपचार के लिए सोनीपत नागरिक अस्पताल



में भर्ती कराया गया है। एसटीएफ ने मनोज के साथी सचिन को मौके से गिरफ्तार कर लिया। सचिन सोनीपत के कबीरपुर गांव का रहने वाला है। कार्रवाई के दौरान आरोपितों के कब्जे से एक अवैध पिस्टल और एक गाड़ी भी बरामद की गई है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, दोनों आरोपित हिसार के बाडो पट्टी टोल पर टोल मैनेजर संजय शुक्ला की हत्या के मामले में फरार चल रहे थे। हत्या के बाद से पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी ।मनोज उर्फ फिल्मी का पहले से आपराधिक रिकार्ड बताया जा रहा है। वहीं, एसटीएफ गिरफ्तार आरोपित सचिन का आपराधिक रिकार्ड भी खंगाल रही है। एसटीएफ गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में हत्याकांड में दोनों की भूमिका, फरारी के दौरान उनके ठिकानों और उनके संपर्क में रहे लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## जलस्तर घटा या बढ़ा प्रदूषण... मानसून में फिर जहरीली हुई यमुना, कालिंदी कुंज में दिखने लगा जानलेवा झाग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी से मानसून की अभी वापसी नहीं हुई है, लेकिन यमुना में प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगा है। कालिंदी कुंज पर जहरीला झाग तैर रहा है। इसका मुख्य कारण इस बार मानसून में यमुना का जलस्तर नहीं बढ़ना है। प्रत्येक वर्ष मानसून के दिनों में हथनी कुंड से यमुना में एक लाख से तीन लाख क्यूसेक तक पानी छोड़ा जाता था जिससे बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। इस बार अगस्त में अधिकतम 63 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया वह भी एक दो दिनों के लिए। साउथ एशिया नेटवर्क आन डैम्स, रिवर्स एंड पीपुल के सह संयोजक बीएस रावत का कहना है कि वर्ष 2014 के बाद इस बार मानसून में इतना कम पानी छोड़ा गया है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश और



उत्तराखंड में भी कम वर्षा हुई है। इससे नदी में प्रदूषण बढ़ेगा। पानी का कम प्रवाह, औद्योगिक इकाइयों का अपशिष्ट और नालों का गंदा पानी नदी में गिरने से प्रदूषण का स्तर बढ़ता है। इसके चलते कालिंदी कुंज क्षेत्र में यमुना में झाग बनने की समस्या उत्पन्न होती है। जल बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि यमुना में गिरने वाले गंदे पानी को रोकने के लिए नए पुराने सीवेज उपचार संयंत्रों (एसटीपी) का उन्नयन करने के साथ ही नए एसटीपी और विकेंद्रीत सीवेज उपचार संयंत्र (डीएसटीपी) स्थापित करने का काम चल रही है। झाग बनने की स्थिति एक सीमित क्षेत्र तक ही रहती है। इसका मुख्य कारण ओखला बैराज की संरचना और जल प्रवाह की स्थिति है। बैराज पर ढलान होने के कारण पानी तेजी से नीचे गिरता है।

## विदेशी लड़कियां, शराब और कॉन्डम का अंबार; पीजी में चल रहा था सेक्स रैकेट, 21 दबोचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम में एक पीजी की आड़ में चलाए जा रहे हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। गुरुग्राम पुलिस ने शनिवार रात सेक्टर-38 (गांव झाड़सा) के एक पीजी में छापा मारकर सेक्स रैकेट के सरगना और कई विदेशियों समेत 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 13 पुरुष और 8 महिलाएं शामिल हैं। इस दौरान पुलिस को मौके से भारी संख्या में कॉन्डम के पैकेट, शराब की बोतलें भी मिलीं हैं। यह छापेमारी गुरुग्राम पुलिस और हरियाणा राज्य महिला आयोग की संयुक्त टीम ने की। बता दें कि, 18 सितंबर को गुरुग्राम पुलिस ने सेक्टर-90 स्थित सफायर मॉल के 18 स्पा सेंटरों में छापा मारकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया था। इस दौरान पुलिस ने वहां से एक युवती को पकड़ा था, जिसने पुलिस के समक्ष खुलासा किया कि जब वह नाबालिग थी तब उसे जबरन सेक्टर-38 के मकान नंबर 27 में चल रहे एक पीजी में रखा गया था। वहां उसे देह व्यापार के धंधे में धकेल दिया गया।

**सदर थाने में एफआईआर दर्ज-** पीड़िता युवती के बयान के आधार पर पुलिस ने शनिवार रात बताए गए पीजी में छापा मारा। इस दौरान आईटीपीए के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अभिलक्ष जोशी और हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा उषा प्रियदर्शिनी मौजूद थीं। पुलिस ने इस पीजी में चल रहे सेक्स रैकेट और अनैतिक कार्यों के चलते 21 लोगों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना सदर में आईटीपीए और विदेशी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**सेक्स रैकेट नेटवर्क का सरगना और पत्नी गिरफ्तार-** गुरुग्राम पुलिस ने इस कथित सेक्स रैकेट नेटवर्क के सरगना साहिल को गांव झाड़सा से गिरफ्तार कर लिया है। साहिल की पत्नी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच से पता चला कि साहिल इन कथित गतिविधियों को अंजाम देने के लिए वेबसाइट चला रहा था। वॉट्सएप चैट व अन्य संचार माध्यमों का इस्तेमाल कर रहा था। यह नेटवर्क कथित तौर पर पीजी/गेस्ट हाउस, गाड़ियों और 10-12 सहयोगियों के जरिये चलाया जा रहा था। इस मामले में अभी साहिल के सहयोगियों की गिरफ्तारी होना बाकी है। पुलिस इनकी तलाश में छापेमारी कर रही है।बता दें कि, इससे पहले पुलिस ने गुरुग्राम के सफायर 90 मॉल में स्थित 18 स्पा सेंटरों पर छापेमारी कर 30 महिलाओं समेत 50 लोगों को हिरासत में लिया था। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा राज्य महिला आयोग और गुरुग्राम पुलिस की संयुक्त छापेमारी शुक्रवार रात 10:00 बजे शुरू हुई और शनिवार तड़के 3:00 बजे तक चली थी। पुलिस के मुताबिक एक साथ की गई छापेमारी के दौरान 18 स्पा में से 8 में संदिग्ध गैर-कानूनी गतिविधियों के शुरुआती साक्ष्य मिले। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस अब जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल, भौतिक और दस्तावेजी साक्ष्यों का आकलन कर रही है, ताकि इस नेटवर्क और इसके मालिकों, संचालकों, प्रबंधकों और मदद करने वालों की भूमिकाओं का पता लगाया जा सके। पुलिस ने बताया कि कुछ स्पा बंद थे,।

# पत्नी बेचो... लेकिन पैसे दो, फर्जी ईडी नोटिस से करोड़ों के खेल की बलि चढ़ा युवराज मनचंदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम में एडानी रियल्टी के प्रोजेक्ट मैनेजर 31 वर्षीय युवराज सिंह मनचंदा की हत्या की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, आरोपी अन्या वत्स और उसके साथी संयम सचदेवा के ठगी के मामलों की परतें भी खुल रही हैं।

पुलिस अब इस एंगल की भी जांच कर रही है कि कहीं युवराज को आरोपियों की ठगी के बारे में जानकारी तो नहीं हो गई थी। युवराज की छह सितंबर को हत्या की गई थी।

जांच में सामने आया है कि आरोपियों पर एक पूर्व परिचित से 1.2 करोड़ रुपये से अधिक की कथित ठगी का मामला दर्ज है। आरोप है कि फर्जी प्रवर्तन निदेशालय नोटिस और सरकारी विभागों में ऊंची पहुंच होने का दावा कर रकम वसूली गई। इस मामले में संसद मार्ग थाने में इसी साल अगस्त में केस दर्ज हुआ था।

पुलिस के अनुसार, संयम सचदेवा के एक पुराने स्कूलमेट को कथित तौर पर फर्जी ईडी नोटिस भेजा गया। इसमें उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज होने की बात कही गई। आरोप है कि संयम और अन्या ने अपने संपर्कों का हवाला देकर मामला निपटाने का भरोसा



दिया। जांच में यह भी आरोप सामने आया है कि दोनों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के नाम से फर्जी नोटिस तैयार किए। इनमें धनशोधन निवारण अधिनियम और धाराओं का उल्लेख किया गया था। इसके जरिए पीड़ित पर रकम देने का दबाव बनाया गया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उसने अपनी बचत, कर्ज और परिवार से उधार लेकर 1.2 करोड़ रुपये से अधिक रकम दी। इनमें ज्यादातर रकम अन्या वत्स के बैंक खाते में ट्रांसफर होने की बात है। इसके बाद उससे 26 करोड़ रुपये और मांगे गए। दावा किया गया कि उसके मामले को निपटाने के लिए सरकारी एजेंसियों को 13.8 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। बाद में शिकायतकर्ता को ठगी का अहसास हुआ और उसने पुलिस से संपर्क किया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, संयम सचदेवा पर अपनी अलग रह रही पत्नी को भी करीब 4.5 करोड़ रुपये की संपत्ति के मामले में ठगने का आरोप है। उसकी पत्नी की शिकायत पर घरेलू हिंसा का मामला भी दर्ज होने की बात सामने आई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि युवराज को इन गतिविधियों के बारे में क्या जानकारी थी और क्या यही वजह हत्या के पीछे रही हो सकती है।

जांच में सामने आया है कि हत्या वाले दिन अन्या वत्स और संयम सचदेवा ने युवराज को क्लाइंट मीटिंग के बहाने बुलाया था। परिवार के एक मित्र के मुताबिक, युवराज ने अपनी मंगेतर को बताया था कि वह अन्या के साथ क्लाइंट से मिलने जा रहा है।

## क्या फेल हो गई राहुल गांधी की 'छात्रों की गूंज' 11 साल बाद डुसू में एनएसयूआई का सूपड़ा साफ, चारों प्रत्याशी हारे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी छात्रों को लुभाने देश में निकले हैं। शनिवार को भी इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम से युवाओं को साधने की कोशिश में पहुंचे थे। पर उस कार्यक्रम के आगाज के एक घंटे पहले दिल्ली से ऐसा संदेश गया जो उनको मायूसी देने वाला था। क्योंकि, देश में छात्र सियासत के लौटे माहौल में डीयू छात्रसंघ चुनाव में 11 वर्ष बाद पहली बार पार्टी की छात्र इकाई चारों खाने चित्त थी और उसका सुपड़ा साफ था। उसके चारों प्रत्याशी ने हार दर्ज की। जिसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ निकाले जाने लगे हैं। डीयू में बदलाव की लहर की उम्मीद धराशाही थी तो चारों ओर भगवा का परचम था। यह 2015 के बाद पहली बार था। क्योंकि विद्यार्थी परिषद ने तीन सीटें जीती तो एक अकेली चौथी सीट निर्दलीय के खाते में गई। मतलब, एक भी सीट एनएसयूआइ के खाते में नहीं गई। तो किसी और छात्र संगठन के झंडे जीत के नहीं थे। जबकि, चुनाव प्रचार में एनएसयूआइ के द्वारा दावा सभी सीटों पर जीत का था। इसके पूर्व वर्ष 2014 और 2015 में डूसू चुनाव में ऐसा परिणाम तब आया था जब केंद्र में सत्ता ने करवट ली थी और छात्रों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का खासा प्रभाव था। पर इस बार तो छात्रों के मिजाज बदलने का दावा हो रहा था। अकेले यह दिल्ली का संदेश नहीं है, देश के कई विवि और कालेजों में एनएसयूआइ का प्रदर्शन निराशाजनक था। कई राज्यों में NSUI का हाल रहा बेहाल गुजरात विश्वविद्यालय, एमएस यूनिवर्सिटी (वडोदरा), और दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय से संबद्ध दर्जनों कालेजों में एनएसयूआइ की बुरी हार हुई। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय और राज्य के 60 प्रतिशत से अधिक राजकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थी परिषद ने जीत दर्ज कर एनएसयूआइ को बुरी तरह हराया। यह क्रम, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान और उत्तराखंड में भी देखने को मिला। असम व अरुणाचल प्रदेश तक में एनएसयूआइ का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

# भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

## कजाखस्तान को हराया



**नागोया ।** भारत ने एशियन गेम्स 2026 के महिला बैडमिंटन टीम इवेंट के पहले दौर में कजाखस्तान को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने 90 मिनट के भीतर ही मुकाबला अपने नाम कर लिया। तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने अपने-अपने मुकाबले सीधे गेम में जीते।

भारत ने बैडमिंटन के महिला टीम स्पर्धा में कमजोर रैंकिंग वाले कजाखस्तान को 3-0 से हराकर रविवार को एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अब उसके सामने मेजबान जापान की कड़ी चुनौती होगी। इचिनोमिया सिटी म्यूनिसिपल जिम्नेजियम में भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू, उन्नति हुड्डा और तन्वी शर्मा ने बिना कोई गेम गंवाए मुकाबला अपने नाम किया।

**भारत ने जीते शुरुआती तीन मुकाबले-** विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज सिंधू ने पहले मुकाबले में कमिला स्मागुलोवा को महज 24 मिनट में 21-7, 21-9 से शिकस्त दी। कजाखस्तान की कमिला की विश्व रैंकिंग 426 है। इसके बाद विश्व की 24वें नंबर की खिलाड़ी उन्नति ने अलिस्सा कुलेशोवा (विश्व रैंकिंग 866) को 22 मिनट में 21-7, 21-10 से हराया। विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर मौजूद तन्वी शर्मा ने डायना नामेनोवा (विश्व रैंकिंग 1067) को 21-5, 21-10 से हराकर भारत की जीत पर मुहर लगा दी।

### भारत के सामने जापान की कड़ी चुनौती

भारत को अब मेजबान जापान के खिलाफ भारत को कहीं कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। जापान की टीम में विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग वाली तीन महिला एकल खिलाड़ी हैं। इसमें अकाने यामागुची (नंबर तीन), टोमोका मियाजाकी (नंबर सात) और नोजोमी ओकुहारा (नंबर 10) शामिल है। भारत 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड से हारकर खाली हाथ लौट आया था। संभावित मुकाबलों में सिंधू का सामना यामागुची से, जबकि उन्नति का मुकाबला मियाजाकी से हो सकता है। वहीं महिला युगल में भारत की ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी का सामना जापान की विश्व नंबर तीन जोड़ी युकी फुकुशिमा और मायू मात्सुमोतो से होने की संभावना है। सिंधू ने आगामी मुकाबलों में टीम टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए कहा, हमारी टीम अच्छी है और जापान भी मजबूत टीम है। इसलिए मुकाबला कड़ा होने वाला है। हर मैच महत्वपूर्ण है और यह एक अच्छा मुकाबला होगा। हम पूरी उम्मीद के साथ उतरेंगे और उम्मीद है कि जीत हमारी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### डेविस कप

### भारत का अंतिम-8 में जगह बनाने का टूटा सपना, कोरिया ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत



**सियोल ।** डेविस कप के नए फॉर्मेट में पहली बार 'अंतिम 8' में पहुंचने वाले पहले एशियाई देश बनने का भारत का सपना टूट गया। शनिवार को सियोल में खेले गए क्वालीफायर राउंड-2 मुकाबले में कोरिया ने भारत को 3-1 से हराकर जीत हासिल की। इस साल की शुरुआत में नीदरलैंड को हराने के बाद भारत के पास इतिहास रचने का मौका था, लेकिन शुरुआती दोनों सिंगल्स मैच हारने के बाद टीम मुश्किल स्थिति में आ गई। डबल्स मैच में शानदार प्रदर्शन से भारत ने कुछ देर के लिए मुकाबले में वापसी की उम्मीद जगाई, लेकिन कोरिया ने चौथे मैच में जीत के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया। दक्षिणेश्वर सुरेश और एन श्रीराम बालाजी की जोड़ी ने कोरियाई जोड़ी को 6-3, 3-6, 6-3 से हराकर भारत को नई उम्मीद दी। दूसरा सेट हारने के बाद भारतीय जोड़ी ने जोरदार वापसी की। उन्होंने तनावपूर्ण निर्णायक सेट में संयम बनाए रखा और महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया, जिससे वे मैच के लिए सर्विस करने की स्थिति में आ गए। भारत को मुकाबला जीतने के लिए बाकी दोनों सिंगल्स मैच अपने नाम करने थे, जिससे सुमित नागल पर दबाव बढ़ गया। हालांकि, कोरिया के सूनवू क्वोन ने रिवर्स सिंगल्स के अहम मैच में शानदार खेल दिखाया और नागल को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

### सुब्रतो कप यू-17

### मिनर्वा पब्लिक स्कूल ने गुजरात को 4-0 से रौंदा



**चंडीगढ़ ।** 65वें सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट (जूनियर बॉयज अंडर-17) में मिनर्वा पब्लिक स्कूल (सीआईएससीई का प्रतिनिधित्व) का विजय अभियान लगातार जारी है। नई दिल्ली के पीपीएफजी ग्राउंड पर खेले गए मैच-डे 4 के मुकाबले में मिनर्वा ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए गुजरात को 4-0 से करारी शिकस्त दी। इस शानदार जीत के साथ मिनर्वा ने टूर्नामेंट में लगातार चौथे मैच में क्लीन शीट हासिल करने का रिकॉर्ड बनाया। चार मैचों के बाद मिनर्वा की टीम कुल 30 गोल दाग चुकी है, जबकि उनके खिलाफ अब तक एक भी गोल नहीं हुआ है। सुबह 8 :30 बजे शुरू हुए इस मुकाबले में दोनों टीमों की रणनीतियों में स्पष्ट अंतर दिखा। मिनर्वा ने अपने आक्रामक 4-3-3 फॉर्मेशन के साथ शुरुआत की, जिसमें गोलकीपर रंजन के आगे साइलेक्स, चिंगखेई, टोनी और सामटे ने रक्षापंक्ति की कमान संभाली। मिडफील्ड में मूसा, के. चेतन और चेतन ने खेल की गति तय की और अटैकिंग लाइन के महेश, योहेनबा और राज को लगातार मौक़े बनाए।

वहीं, गुजरात की टीम डिफेंसिव 5-4-1 लो-ब्लॉक फॉर्मेशन के साथ उतरी, जिसका उद्देश्य मिनर्वा के हमलों को रोकना था। हालांकि, मिनर्वा के आक्रामक हाई-प्रेस ने महज 6वें मिनट में ही गुजरात के डिफेंस को तोड़ दिया।

### एशियन गेम्सः सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 114 रन से हराया

# फाइनल में भारत की बेटियां

**निशिन।** एशियन गेम्स 2026 के महिला क्रिकेट इवेंट में महिला एशिया कप 2026 की पुनरावृत्ति हो गई है। महिला एशिया कप 2026 की तरह ही एशियन गेम्स 2026 महिला क्रिकेट का फाइनल मुकाबला भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच होगा। रविवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 114 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम इंडिया ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के विस्फोटक शतक की बदौलत 4 विकेट पर 195 रन बनाए थे। शेफाली ने मात्र 49 गेंदों पर शतक लगाया।



यह उनके अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर का पहला शतक था। शेफाली ने 49 गेंदों पर 9 छक्कों और 3 चौकों की मदद से नाबाद 100 रन की पारी खेली। इस शतक के साथ ही शेफाली ने मंधाना के सबसे तेज टी20 शतक के भारतीय महिला क्रिकेटर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मंधाना ने 2018 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 49 गेंदों में ही शतक लगाया था। शेफाली के अलावा, स्मृति मंधाना ने 19 गेंदों पर 2 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 37 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 33 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 40 रन की पारी खेली। बांग्लादेश के लिए मारूफा अख्तर, संजीदा अख्तर, राबिया खान और नाहिदा अख्तर ने 1-1 विकेट लिए। 196 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी बांग्लादेश की पूरी टीम 15.4 ओवर में 81 रन पर सिमट गई।

सर्वाधिक 24 रन ओपनर दिलारा अख्तर ने बनाए। भारतीय टीम की तरफ से नंदिनी शर्मा और दीप्ति शर्मा ने 3-3 विकेट लिए। श्री चरणी को 2 विकेट मिला। क्रांति गौड़ और श्रेयांका पाटिल ने 1-1 विकेट लिए।



### एशियन गेम्स

# चमारी अथापट्टू ने खेली कप्तानी पारी

### श्रीलंका ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया

**निशिन।** कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए एशियन गेम्स 2026 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली। श्रीलंकी कप्तान चमारी अथापट्टू जीत की हीरो रहीं। श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए थे। पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज शावाल जुल्फिकार ने 50 गेंदों पर 2 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 54 रन की पारी खेली। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी आयशा जफर ने तूफानी अर्धशतक लगाया। आयशा 40 गेंदों पर 2 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 71 रन बनाकर रन आउट हुई। आयशा के रन आउट होने से पाकिस्तान का



निश्चित रूप से कुछ रन पीछे रह गया। कप्तान फातिमा सना ने 12 गेंदों पर नाबाद 20 और सायरा जबीन ने 14 गेंदों पर 17 रन बनाए थे। श्रीलंका के लिए सुगंदिका कुमारी, कप्तान अथापट्टू और काव्या काविंदी ने 1-1 विकेट लिए।

### शैफाली वर्मा ने लगाया T20I करियर का पहला शतक, स्मृति मंधाना को छोड़ा पीछे; 6 बड़े रिकॉर्ड्स किए अपने नाम

शैफाली वर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ एशियन गेम्स 2026 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में अपने टी20आई क्रिकेट करियर का पहला शतक लगाने में सफलता हासिल की। शैफाली ने अपना पहला टी20आई शतक 118वें मैच में लगाया और नाबाद 100 रन की पारी खेली। ये शैफाली के टी20आई करियर का बेस्ट स्कोर भी रहा साथ ही अपनी इस पारी के दम पर उन्होंने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए। यही नहीं उन्होंने टी20आई में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया और स्मृति मंधाना पीछे छोड़ दिया।



**शैफाली ने तोड़ा स्मृति का रिकॉर्ड-** शैफाली ने अपनी शतकीय पारी के दौरान 9 छक्के लगाए और वो भारतीय महिला टीम की तरफ से टी20आई में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में स्मृति से आगे आ गईं। शैफाली ने अब तक कुल 104 छक्के लगाए हैं जबकि मंधाना ने कुल 100 छक्के लगाए हैं। हालांकि ओवर ऑल शैफाली इस मामले में चौथे नंबर पर आ गईं।

### एशियन गेम्सः भारतीय महिला हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान को 19-0 से हराया

# दीपिका ने 8 गोल किए



**काकामिगाहारा।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को गिफू प्रीफेचुरल ग्रीन स्टेडियम में अपने पूल बी के पहले मैच में उज्बेकिस्तान पर 19-0 से रौंदकर एशियन गेम्स 2026 में अपने सफर की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की। भारतीय टीम की जीत में सबसे बड़ी स्टार बनकर दीपिका उभरीं। दीपिका ने 8 गोल किए। इसके अलावा, इशिका ने 3, लालथंतलुआंगी और नेहा ने 2-2 गोल किए। बलजीत कौर, नवनीत कौर, लालरेमसियामी और साक्षी राणा ने 1-1 गोल किया। दीपिका की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला टीम ने जोरदार प्रदर्शन किया, और हाफ-टाइम तक वे उज्बेकिस्तान के खिलाफ 8-0 से आगे थीं। ब्रेक के बाद, भारत उज्बेकिस्तान को गोल करने का कोई मौका नहीं देने के मूड में नहीं लग रहा था, और दीपिका एक बार फिर अपने सबसे अच्छे फॉर्म में थीं, उन्होंने लगातार चार गोल करके भारत की बढ़त को 13-0 कर दिया।

### एशियन गेम्सः गोल्ड मेडल का बचाव करने उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम, दमदार फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगी भारत की बेटियां

**काकामिगाहारा ।** भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें रविवार से एशियन गेम्स 2026 में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। हाल ही में हुए वर्ल्ड कप में दोनों टीमों का प्रदर्शन अलग-अलग रहा था, लेकिन अब उनका लक्ष्य एशियन गेम्स में बेहतर खेल दिखाकर अच्छे नतीजे हासिल करना होगा। वर्ल्ड कप में आठवें स्थान पर रहने के बाद पूल ए में शामिल भारतीय पुरुष टीम



काकामिगाहारा के गिफू प्रीफेक्चुरल ग्रीन स्टेडियम में इंडोनेशिया के खिलाफ अपने गोल्ड मेडल को बचाने का अभियान शुरू करेगी। वहीं, वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन के बाद महिला टीम पूल बी के अपने पहले मैच में इसी स्टेडियम में उज्बेकिस्तान का सामना करेगी। एशियन गेम्स में इस खेल के लिए एक अतिरिक्त प्रोत्साहन भी है। गोल्ड मेडल जीतने वाली टीमों को ओलंपिक 2028 का टिकट मिल जाएगा। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली पुरुष टीम और सलीमा टेटे की कप्तानी वाली महिला टीम, दोनों के ही दिमाग में यह बात जरूर होगी। हाल ही में हुए वर्ल्ड कप में भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई थी। टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और टीम ने आठवें स्थान पर रहते हुए टूर्नामेंट का अंत किया था। अब वे एशियन गेम्स में उस अभियान की कमियों को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं, जिस पर कोच क्रेग फुल्टन ने भी जोर दिया है।

# पहले ही दिन भारत की चांदी

### महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम ने जीता रजत; मुर्मू-शाह ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 में भारत ने अपने पदकों का खाता खोल लिया है। महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में एलावेनिल वलारिवन, सोनम उत्तम मस्कर और विदर्सा के विनोद की तिकड़ी ने रजत पदक अपने नाम किया। टीम के इस प्रदर्शन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि उनकी उपलब्धि ने खेलों में भारत का पदक खाता खोल दिया है।

भारतीय टीम ने क्वालिफिकेशन में कुल 1898.0 अंक हासिल किए और दूसरे स्थान पर रहते हुए रजत पदक जीता। चीन ने 1904.2 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि मेजबान जापान 1897.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहा।

### सोनम ने किया शानदार प्रदर्शन

भारत की ओर से सोनम उत्तम मस्कर ने क्वालिफिकेशन में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने 634.1 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। एलावेनिल वलारिवन 633.5 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहीं। वहीं विदर्सा के विनोद ने 630.4 अंक हासिल किए और व्यक्तिगत रैंकिंग में 12वें स्थान पर रहीं। तीनों के संयुक्त प्रदर्शन ने भारत को टीम स्पर्धा में रजत पदक दिलाया।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com